


## तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा- आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा की पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।
बीज मंत्र...
**माँ चन्द्रघंटा: ऐं श्रीं शक्तयै नम:**

## न्यूज ब्रीफ

### राम मंदिर ट्रस्ट की अहम बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार** : राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना के साथ ही मंदिर के संपूर्ण निर्माण पूर्ण होने के बाद 21 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक दिवसीय बैठक होगी। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि, जगद्गुरु स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ ,महंत दीनेंद्र दास, कृष्णमोहन, डॉक्टर अनिल मिश्रा, पदेन सदस्य जिलाधिकारी टीकाराम फुंडे शामिल होंगे।

### अग्रवाल भवन में कृत्रिम अंग वितरण कल

**अयोध्या, अमृत विचार** : अग्रवाल भवन ट्रस्ट अयोध्या द्वारा रविवार 22 मार्च को सुबह 11 बजे से रघुकुल सदन देवकाली में एक कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अग्रबाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में शुरू किये जा रहे इस कार्यक्रम को अनवरत चलाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक संजीव गोयल ने कहा कि अयोध्या जनपद के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के सहयोग से असहाय और जरूरतमंद व्यक्तियों को की मदद की जायेगी। ट्रस्ट के महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी शामिल होंगे।

### मां कामाख्या धाम पर जवाबी कीर्तन 23 को

**अयोध्या, अमृत विचार** : मां कामाख्या भवानी मेला मंदिर समिति के तत्वावधान में श्री राम कथा व जवाबी कीर्तन का आयोजन 19 मार्च से शुरू हो गया है। पुजारी बृज किशोर मिश्र ने बताया कि 23 मार्च सोमवार को जवाबी कीर्तन छत्तरपुर मध्यप्रदेश के जेपी मनचला और भिंड मध्य प्रदेश की कल्पना दुबे के बीच रात्रि आठ बजे से होगा।

### समाधान दिवस 23 को

**अयोध्या, अमृत विचार** : मुख्य राजस्व अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि 21 मार्च को तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होना था लेकिन ईद उल फितर होने के कारण सार्वजनिक अवकाश घोषित है। इसलिए सभी तहसीलों में 21 मार्च के स्थान पर 23 मार्च सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

# पति को सात साल की सजा सास-ससुर दोषमुक्त

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार।** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है, जबकि सास-ससुर को दोषमुक्त कर दिया। पति पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी किया है। फैसला अपर जिला जज प्रथम सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय तथा रोहित पांडेय ने बताया कि रौनाही थाना क्षेत्र के महोली गुलालपुर निवासी रामसागर ने अपनी पुत्री की शादी 2017 में राम मनोरथ निवासी पिठला थाना कुमारगंज के साथ की थी। शादी में उन्होंने अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद से बाइक की मांग को लेकर ससुराल वाले विवाहिता को प्रताडित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर 10 जून 2021 को विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी रिपोर्ट पति, ससुर स्वामीनाथ तथा सास उर्मिला के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए सजा दी जबकि सास-ससुर को दोष मुक्त कर दिया ।

# आध्यात्मिक दृष्टि से 1956 दिन में तैयार हुआ श्री राम मंदिर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

- पांच अगस्त 2020 को भूमिपूजन, 19 मार्च 2026 को श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अमृत विचार:** आध्यात्मिक दृष्टि से अयोध्या का श्री राममंदिर पांच साल सात महीने और 21 दिन (1956 दिन) में परिपूर्ण हुआ। पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। इसके बाद 19 मार्च 2026 को श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साथ मंदिर परिपूर्ण हो गया। मंदिर से जुड़ी छह साल की कई तारीखें इतिहास में दर्ज हो गई। आने वाली पीढ़ियां इन तारीखों को याद करेंगी।

सुप्रीम कोर्ट से नौ नवंबर 2019 को मंदिर के पक्ष में फैसला आया। पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इसके बाद दुनिया के इस सबसे अलग मंदिर के निर्माण की तैयारी शुरू हुई। लार्सन एंड टुब्रो कंपनी ने इसके निर्माण की जिम्मेदारी ली। श्रीराम मंदिर को आधुनिक इंजीनियरिंग के जरिए एक हजार साल से अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए डिजाइन किया गया। इस अवधि के मंदिर के लिए कई संस्थानों ने रिसर्च के साथ अपनी सलाह दी। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान और आईआईआईटी जैसे संस्थानों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पांच साल बाद 22 जनवरी 2025 को पीएम मोदी ने राम लला का प्राण प्रतिष्ठा की। दूसरे तल पर राम दरबार की प्रतिष्ठा पांच जून 2025 को की गई। 14 जून को इसे दर्शन के लिए खोला गया। श्रीराम मंदिर परिसर में छह और छोटे मंदिरों के साथ कई अन्य निर्माण भी कराए गए। लगभग 2.7 एकड़ के परिक्षेत्र में 110 गुणा 72 मीटर में बनाए गए मंदिर को 49 मीटर(161 फिट ) ऊंचा बताया गया है। 25 नवंबर 2025 को एक बार फिर पीएम मोदी ने इसके शिखर पर ध्वजारोहण करके धर्म ध्वजा फहराई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 19 मार्च 2026 को मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना करके इसे परिपूर्ण कर दिया। परिपूर्ण से तात्पर्य हर तरह से पूर्ण हो गया। अर्थात अपनी पराकाष्ठा को प्राप्त हो गया। परिपूर्णता किसी मंदिर की सबसे अहम् आध्यात्मिक स्थिति होती है। इसका आम लोगों से बहुत मतलब नहीं होता लेकिन यंत्र में देवता का वास होता है। इससे निकलने वाली सकारात्मक ऊर्जा का मंदिर की आध्यात्मिकता से मतलब होता है। जिससे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

### पूर्ण हुआ मंदिर

श्रीराम मंदिर की परिपूर्णता की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह के दौरान की। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ने गोविंद देव गिरी जी ने की। उन्होंने कहा कि अब श्री राम मंदिर हर दृष्टि से पूर्ण हो गया।

# तेज हवा के साथ हल्की तो कहीं तेज बारिश, रुदौली में गिरे ओले

## मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटे में गरज-चमक व तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने व ओले गिरने की संभावना जताई

गेहूं, सरसों व सब्जी की फसलों के लिए आफत, किसान चिंतित, बोले बरसात की एक-एक बूंद फसलों के लिए नुकसानदेह

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार** : रामनगरी में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई, रुदौली क्षेत्र के कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। यह बेमौसम वर्षा रबी फसलों के लिए भारी आफत बन गई है। किसान चिंतित हैं, उनका कहना है कि बारिश की हर बूंद अब फसलों के लिए नुकसानदेह हैं।

अयोध्या धाम में तेज हवा के साथ करीब 15 मिनट तक हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि अयोध्या शहर में बूंदाबांदी हुई। वहीं, सोहावल में करीब 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि अन्य हिस्सों में हल्की बारिश के साथ तेज हवा चली। रुदौली में कुछ इलाकों में ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। खेतों में खड़ी फसलें लेट गईं, कई जगहों पर ओलों से पौधों की टहनियां टूट गईं और फूल-फल झड़ गए। गेहूं की बालियां क्षतिग्रस्त होने से उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। सरसों की फसल भी गिर गई, जबकि सब्जियों जैसे टमाटर, बैंगन और आलू आदि को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि मार्च के इस समय में जब फसलें पकने वाली होती हैं, ऐसी बारिश और ओले से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया।



कोटवा गांव में कटाई के बाद खेतों में भीग रही, सरसों की फसल एवं रुदौली में गिरे ओले।

### सरसों की मड़ाई का कार्य बाधित

पूराबाजार प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार सुबह तेज हवा के साथ हल्की से तेज बरसात हुई। किसान शोभाराम वर्मा, राकेश वर्मा, चंद्रपाल वर्मा, नंगू वर्मा, रामचंद्र वर्मा आदि ने बताया कि बरसात की एक-एक बूंद अपनी फसलों के लिए जहर बनाकर गिर रही हैं। यदि मौसम में सुधार न हुआ तो सरसों की फसल तो पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। बीकापुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में सुबह हल्की बारिश व कुछ जगह बूंदाबांदी हुई। दिनभर हवा के साथ आसमान में बादल छाए रहे। मौसम में परिवर्तन से चल रहे सरसों की मड़ाई का कार्य भी बाधित हुआ। क्षेत्र के किसान अनिल यादव, राजेंद्र पाठक, अजय तिवारी, शारदा वर्मा, लालमणि निषाद आदि ने बताया कि सरसों की मड़ाई प्रभावित हुई है। अगर तेज बरसात होती है तो गन्ने की फसल को फायदा होगा लेकिन गेहूं, टमाटर सब्जियों सहित अन्य कई फसलों को नुकसान हो सकता है। रुदौली प्रतिनिधि के अनुसार बदले मौसम से फसलों को नुकसान हुआ। तहसील क्षेत्र में पेटुवागंज, जमुनियामऊ, गौरियामऊ फार्म सहित आस पास के गांवों में ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। अचानक गिरे ओलों से खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो गईं। काशीपुर के किसान शिव नारायण लोधी ने बताया गेहूं की फसल गिर गई, साथ ही तैयार सरसों को भी नुकसान हुआ है।



देवकाली ओवरब्रिज के पास बारिश में गुजरते लोग।

### आंधी-तूफान व ओलावृष्टि की चेतावनी, 24 घंटे तक बिगड़ा रहेगा मौसम



डॉ. सीताराम मिश्रा
मौसम वैज्ञानिक

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्रा ने आगामी 24 घंटे तक मौसम खराब रहने की चेतावनी जारी की है। बताया कि अगले 24 घंटों के भीतर आंधी-तूफान, तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश की प्रबल संभावना है। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान काफी नीचे चला गया है, जबकि पूर्वी इलाकों में गर्मी का प्रभाव बना हुआ है। पश्चिम से आ रही ठंडी हवाएं और पूर्व की गर्म हवाओं के टकराव से वातावरण में अस्थिरता उत्पन्न हो गई है, जिससे मौसम ने अचानक करवट ली है। यह स्थिति फिलहाल अगले 24 घंटे तक बनी रह सकती है। बताया कि मौसम में इस बदलाव को लेकर उन्होंने 14 मार्च को ही पूर्वानुमान जारी कर दिया था, जिसमें आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और बारिश की संभावना जताई गई थी।

### किसान बोले- आगे भी ऐसा मौसम रहेगा तो होगा भारी नुकसान



मनोज वर्मा

पूरा बाजार के समैसा निवासी मनोज वर्मा ने बताया कि सुबह से तेज हवा और बरसात के चलते सरसों, गेहूं, आलू और सब्जी की फसलों को नुकसान हुआ है। आगे भी ऐसा मौसम रहेगा तो भारी नुकसान होगा।



अनूप वर्मा

मोहतशिमपुर निवासी अनूप वर्मा ने बताया कि तेज हवा के साथ बरसात हुई है, यह पानी नहीं बल्कि फसल के लिए जहर की बूंद है। सबसे ज्यादा नुकसान सरसों व सब्जियों की फसलों को हुआ।



रामजी

द्वारिकापुर निवासी राम जी ने बताया कि गेहूं की फसल अब कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन तेज हवा और ओलों ने सब बर्बाद कर दिया। सरसों की फसल जमीन पर बिछ गई, दानें झड़ने लगे हैं।

## बेमौसम बारिश से गेहूं, सरसों, चना, मटर को नुकसान, आम की फसल को फायदा



डॉ. रवि प्रकाश मौर्य, कृषि वैज्ञानिक

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** वर्तमान समय में मौसम के बदले मिजाज के चलते क्षेत्र में हो रही हल्की वर्षा किसानों के लिए मिश्रित प्रभाव लेकर आई है। कृषि वैज्ञानिक एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. रवि प्रकाश मौर्य के अनुसार यह बारिश जहां कुछ फसलों के लिए लाभकारी है, वहीं पक चुकी फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। बताया कि हल्की वर्षा से खेतों में नमी बढ़ने के कारण पछैती गेहूं की फसल को काफी फायदा मिलेगा और उसकी बढ़वार बेहतर होगी। वहीं अगैती गेहूं, जो कटाई के लिए तैयार है, उसके लिए यह मौसम प्रतिकूल है। अधिक नमी के चलते दानों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और कटाई कार्य में भी बाधा आ सकती है। बताया कि सरसों, चना, मटर और मसूर जैसी फसलें इस समय पकने की अवस्था में हैं, ऐसे में वर्षा से इन फसलों को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। खेतों में नमी अधिक होने से दानों के खराब होने का खतरा बना रहता है। आम की फसल को लेकर कहा कि इस समय पेड़ों में सरसई या गोली के आकार के फल लगे हैं, ऐसे में हल्की बारिश फायदेमंद है। बारिश के कारण पत्तियों की धुलाई हो जाने से कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होने की संभावना रहती है, जिससे फलों के विकास में सहायता मिलती है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि जो फसलें कटाई के लिए तैयार हैं, उनकी शीघ्र कटाई कर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें, ताकि संभावित नुकसान को कम किया जा सके।

# निपुण आंकलन में हुआ खेल, निगरानी हो गई फेल

अयोध्या कार्यालय।

- डायट प्रशिक्षुओं द्वारा कराया गया था निपुण आंकलन, शिक्षकों ने की थी शिकायत

**अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा विभाग की निपुण भारत योजना में परिषदीय विद्यालयों को 'निपुण विद्यालय' घोषित करने का खेल ऐसा चला कि नामांकित छात्रों से ज्यादा बच्चे निपुण निकल आए।

जनवरी-फरवरी में डायट के डीएलएड प्रशिक्षुओं ने निपुण लक्ष्य एप के जरिए कक्षा-एक से आठ तक का आकलन किया था। अब परिणाम घोषित हुए तो कई स्कूलों के आंकड़े देखकर हर कोई हैरान है। कुछ विद्यालयों में 100 प्रतिशत से भी ऊपर सफलता दर दर्ज की गई, जबकि एक स्कूल तो नामांकन संख्या से भी ज्यादा छात्रों को निपुण बता दिया गया। सबसे चौंकाने वाला मामला जिले के गंज डुंडवारा क्षेत्र के रसूलपुर अरोरा गांव का है। यूडाइस कोड 09720406701 वाला यह प्राथमिक विद्यालय निपुण लक्ष्य एप के आंकलन में प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर चुका है वह भी 112.5 प्रतिशत के 'चमत्कारिक' परिणाम के साथ। जबकि यह संभव नहीं है। बताया जा रहा है कि निपुण आंकलन के दौरान ही शिक्षकों ने प्रशिक्षुओं द्वारा धन उगाही की जमकर शिकायत की थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

> निपुण आकलन को लेकर कतिपय शिकायतों का संज्ञान लिया गया है। देखा जा रहा है कि किस स्तर पर गड़बड़ी हुई। अभी कुछ और जानकारी नहीं दी जा सकती है। **-लालचंद, बीएसए।**

### जिला स्वच्छता समिति की बैठक 23 को

**अयोध्या।** डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक 23 मार्च को अपराह्न साढ़े तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी/सदस्य सचिव जिला स्वच्छता समिति अविनाश ने दी ।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में 80 चयनित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार** : नवोदय प्रवेश परीक्षा के घोषित परिणाम में नगर क्षेत्र नगर और ग्रामीण क्षेत्र के 80 बच्चे चयनित हुए हैं। जनपद अयोध्या के पास 80 सीटें है जिनमें से 25 प्रतिशत सीटें शहरी क्षेत्र के लिए और 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के लिए आरक्षित है।

चयनित छात्रों को स्पीड पोस्ट के जरिए भी सूचित किया जा रहा है। इसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। प्रवेश के समय आयु का प्रमाण, निवास प्रमाण और ग्रामीण कोटे के लिए कक्षा 3, 4, 5 पास का सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप एडमिशन के समय प्रस्तुत करना पड़ेगा। जारी हुए परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है। शाहगंज के हल्ले निवासी मनोज शुक्ला के पुत्र समर शुक्ला ने 96.25 अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्राथमिक विद्यालय पूरे रामनाथ हैरिंग्टनगंज के आदित्य सरोज ने पांचवां स्थान प्राप्त करके माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। बीकापुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय कुढा बीकापुर की छात्रा रूपाली पुत्री राम तीरथ ने भी नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।पूरा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय दर्शन नगर प्रथम से आदित्य तिवारी और काव्यांश दो बच्चे सफलता प्राप्त किया।



समर शुक्ला



रूपाली



काव्यांश



आदित्य सरोज

# अब प्रीपेड होंगे सभी बिजली मीटर

अयोध्या कार्यालय।

- एक रुपये माइनस तो तत्काल कट जाएगी बिजली

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन बिजली उपभोक्ताओं को अब बड़ा झटका देने की तैयारी कर रहा है। एक से डेढ़ वर्ष के भीतर सभी उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड में बदल दिए जाएंगे। प्रथम चरण में शहरी उपभोक्ताओं को रखा गया है। व्यवस्था के तहत उपभोक्ता माह में जितनी बिजली खर्च करता है उतना ही पैसा औसतन उसे पॉजिटिव बैलेंस रखना होगा। एक रुपये भी माइनस में मीटर गया तो बिजली स्वतः कट जाएगी।

मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से आदेश आया है। जिले में अभी प्रक्रिया नहीं शुरु हुई है। पहले स्मार्ट मीटर प्रीपेड में बदले जायेंगे उसके बाद सभी सामान्य मीटर। इसके तहत मध्यांचल के 19 जिलों के साथ मंडल के बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी भी शामिल है। इन सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से प्रीपेड मीटर लगाया जाएगा। यहां भी लखनऊ की तरह लोगों को पॉजिटिव बैलेंस रखना होगा। आगामी डेढ़ से दो साल में सभी जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर प्री पेड़ कर दिए जाएंगे।

## शुभारंभ

### आस्था व लोकसंस्कृति का दिखा अद्भुत संगम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# 1100 कन्या पूजन संग कामाख्या धाम महोत्सव का रंगारंग आगाज

मवई, अयोध्या।

- विधायक रामचंद्र यादव व न्यास अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने किया पूजन

**अमृत विचार** : नगर पंचायत क्षेत्र में प्रायोजित कामाख्या धाम महोत्सव 2.0 का शुभारंभ शुक्रवार को 1100 कन्याओं के पूजन के साथ भव्य रूप से हुआ। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव व महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने पूरे विधि-विधान से कन्या पूजन कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ कराया। लोकसंस्कृति की झलक भी देखने को मिली, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।




कामाख्या धाम महोत्सव में आयोजित सामूहिक विवाह में जोड़ों को आशीर्वाद देते विधायक रामचंद्र यादव व अन्य।

### रुदौली में विकास की नई इबारत लिखी : रामचंद्र यादव

विधायक रामचंद्र यादव ने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने हर वर्ग के लिए समान रूप से काम किया है, जबकि विपक्षी दल केवल तुष्टीकरण की राजनीति करते रहे हैं। उन्होंने इशारों में पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में विकास कार्य बाधित रहे और आवश्यक संस्थानों की स्थापना नहीं हो सकी।

### 238 जोड़ों का सामूहिक विवाह, गूंजे शहनाई के स्वर

कामाख्या महोत्सव के प्रथम दिन समाज कल्याण एवं विकास विभाग की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 238 जोड़ों का विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा कराया गया, वहीं एक मुस्लिम जोड़े का काजी ने निकाह पढ़ाकर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। गाजे-बाजे के साथ लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक वैवाहिक गीतों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए बेहद सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रुदौली विधानसभा क्षेत्र में 350 कन्याओं का विवाह इस योजना के अंतर्गत कराया गया है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी,जिला कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह ,बीजेपी नेता खुन्नू पांडेय,बीडीओ अमित त्रिपाठी ,बीडीओ भावना यादव आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 21 से

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत भाजपा से मंडल स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने बताया कि 21 व 22 मार्च को पूरा बाजार के एक पैलेस में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। इसमें मंडल के सभी पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ प्रमुख सहित मंडल में निवास करने वाले सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।

### आभार धन्यवाद होली मिलन कार्यक्रम 22 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों के मानदेय में आठ हजार रुपये की वृद्धि की। खुश शिक्षा मित्र 22 मार्च रविवार को सोहावल ब्लॉक में स्थित बाबा ढडेश्वरी कुटी निकट जहीरगंज बाजार पर एक आभार धन्यवाद होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने कार्यक्रम में भाजपा विधायकों, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षक संयोजक एमएलसी श्रीचंद शर्मा और प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ल उपस्थित रहेंगे। बीएसए लालचंद और एडी बेसिक के साथ खंड शिक्षा अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है।

### 14 बार में खाते से निकले 4.50 लाख, केस

**अयोध्या, अमृत विचार।** शहर की एक महिला साइबर ठगी का शिकार होकर 4.55 लाख रुपये गंवा बैठी। पीड़िता पूजा जायसवाल निवासी शिवनगर कॉलोनी नाका पहाड़गंज ने कोतवाली नगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक व दो फरवरी 2026 को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मुझे घरेलू सामान व कीमती वस्तुएं देने का लालच दिया। विभिन्न बहानों से 14 बार में मुझसे कुल 4.55 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातो में ट्रांसफर करवा लिए। जब मुझे धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ तो तीन फरवरी को इसकी सूचना साइबर क्राइम पोर्टल 1930 पर दर्ज कराई। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### चकबंदी वाले गांवों में होगा चौपाल का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के चकबंदी वाले गांवों में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तिथियों की घोषणा कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी (एलओ)/उप संचालक चकबंदी इन्द्रकान्त द्विवेदी ने बताया कि जमदरा गांव में बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी 23 मार्च को दो बजे पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय, ग्राम माझासोनौरा में प्रमोद कुमार सिंह चकबंदी अधिकारी सदर 24 मार्च को दो बजे पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय में चौपाल करेंगे। इसी तरह अछोरा गांव में चकबंदी अधिकारी मिल्कीपुर मेड़ीलाल 24 मार्च दो बजे पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय, मेवापुर मुतालके देवगांव में मेड़ीलाल चकबंदी अधिकारी मिल्कीपुर 25 मार्च को दो बजे पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय, ग्राम परसैया में अवधेश कुमार चकबंदी अधिकारी रूदौली 24 मार्च को दो बजे पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय और पस्तामाफी में अवधेश कुमार चकबंदी अधिकारी रूदौली 25 मार्च को दो बजे पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय में चौपाल का आयोजन होगा। निर्देश दिया कि बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अयोध्या, संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी और संबंधित कर्मचारियों से ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया जाए। ग्राम चौपाल में प्राप्त होने वाले सबी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए।

## विस चुनाव करीब आया तो पार्षदों व सभासदों का मनोनयन !

**अयोध्या, अमृत विचार:** विधानसभा चुनाव करीब आया तो निकायों में पार्षदों और सभासदों का मनोनयन किया गया। मनोनयन की सूची आने के बाद यह चर्चा-ए-आम है। वर्ष 2023 में नगर निकायों के चुनाव हुए थे। जानकारों का कहना है कि शहर की सरकारों के गठन के बाद नगर निगम में पार्षदों और नगर पालिका और नगर निकायों में सभासदों की संख्या के आधार पर सरकार की ओर से भी पार्षदों और सभासदों का मनोनयन किया जाता है। निकाय चुनाव को मई में तीन साल पूरे हो जाएंगे। अब अयोध्या नगर निगम के लिए 10 पार्षद और निकायों के लिए सभासदों का मनोनयन किया गया। मनोनयन भी ऐसा की मृतक को भी सभासद बना दिया गया। अब जल्दबाजी इतनी की जांच कराना भी मुनासिब नहीं समझा गया। इस जल्द बाजी को लेकर अब तरह-तरह की चर्चाएं सुनी जा सकती है। लोग मनोनयन को साल 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। राजनीतिक दलों में इसे पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के रूप में चर्चा करते हैं। कहते हैं कि यह कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ इनसे शहर की सरकार में अच्छी सलाह मिलती है लेकिन इसे भी तीन साल तक जरूरी नहीं समझा गया।

# फर्जी एवं कूट रचित बिलों के जरिए 64.95 लाख का घोटाला

- सहायक वेतन लिपिक पीयूष व हृदयराम को जिला जज ने किया निलंबित
- वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय के लिपिक ने कोतवाली नगर में दर्ज कराई रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** फर्जी एवं कूटरचित बिल तैयार कर सहायक वेतन लिपिक और कोषागार के किसी अज्ञात कर्मचारी-अधिकारी के साथ षड्यंत्र करके 64.95 लाख रुपये गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। यह जानकारी मुख्य कोषाधिकारी के पत्र से हुई। जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने सहायक वेतन लिपिक पीयूष श्रीवास्तव और हृदय राम फर्राश को निलंबित कर दिया है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय के एजाज अहमद ने दोनों लोगों के खिलाफ नामजद और कोषागार के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एजाज अहमद ने आरोप लगाया है कि मुख्य कोषाधिकारी द्वारा प्रेषित पत्र संख्या 1664/ कोषागार अयोध्या/ 2025-26 दिनांकित 6 मार्च 26 के द्वारा जनपद न्यायाधीश को सूचित किया गया कि हृदय राम फर्राश के वेतन खाते में माह अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक 64 लाख 95 हजार 504 रुपये का आहरण किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में आहरण व वितरण अधिकारी जनपद न्यायालय द्वारा जिला जज को विस्तृत रिपोर्ट 10 मार्च 2026 को प्रस्तुत की गई थी। जिसके अनुसार माह अप्रैल 2022 से माह दिसंबर 2025 तक विभिन्न डीडीओ के कार्यकाल में बिल अनुभाग में कार्यरत रहे वरिष्ठ सहायक वेतन लिपिक पीयूष श्रीवास्तव द्वारा हृदय राम फर्राश एवं कोषागार के किसी अज्ञात कर्मचारी के साथ षड्यंत्र करके 64 लाख 95 हजार 504 रुपये का भुगतान हृदय राम फर्राश के खाते में करवाया गया है। आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा की गई जांच से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार उक्त कृत्य करने में पीयूष श्रीवास्तव द्वारा हृदय राम के वेतन से संबंधित फर्जी एवं कूटरचित बिलों को अपने निजी लैपटॉप के माध्यम से तैयार कर वेतन भुगतान में कार्यरत वेतन लिपिक अनुराग दुबे एवं सहायिका वेतन लिपिक संतोष को धोखे में रखकर पेन ड्राइव में प्रिंट करने के लिए माह अप्रैल 2022 से माह दिसंबर 2025 तक वेतन से अधिक धनराशि को हृदय राम के वेतन खाते में आहरित करते रहे। पीयूष श्रीवास्तव के जनपद न्यायालय के वेतन अनुभाग में कार्यरत रहने के दौरान हृदय राम के साथ मिलकर वेतन संबंधी बिलों में कूट रचना कर फर्जी बिलों को तैयार कर एवं वर्ष 2022 से 2025 के मध्य तैनात रहे आहरण एवं वितरण अधिकारियों को एवं वेतन अनुभाग के अन्य कर्मचारियों को धोखे में रखकर उपरोक्त धनराशि का गबन किया गया है। जो कोषागार कार्यालय के कर्मचारी अधिकारी के साथ दुरभि संधि किए बिना किया जाना संभव नहीं है।

उक्त घटना के उजागर होने के बाद पीयूष श्रीवास्तव कार्यालय से लगातार अनुपस्थित हैं और इसकी कोई सूचना भी नहीं दी है। उक्त अपराध में पीयूष श्रीवास्तव व हृदय राम के अतिरिक्त कोषागार के संबंधित कर्मचारी अधिकारी की संलिप्तता दर्शित होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीयूष श्रीवास्तव के पास वर्तमान में उसके निजी लैपटॉप जिसमें वह बिलों से छेड़छाड़ करते थे एवं आहरण व वितरण अधिकारी अयोध्या का अधिकारिक डीएससी डोंगल महत्वपूर्ण साक्ष्य है जो उसके पास मौजूद है। जिन्हें उनके कब्जे से जप्त किया जाना आवश्यक है। इसकी जानकारी होने पर जिला जज ने दोनों कर्मचारियों को 10 मार्च को निलंबित कर दिया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने के बाद और कई लोगों के फंसने की संभावना भी है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

# सजदे में किया अल्लाह का शुक्र, ईद का पर्व आज

## बाजारों में छाई चांद रात की रौनक, विभिन्न मस्जिदों में अदा होगी ईद की नमाज व सादगी से मनेगा त्योहार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को पूरी शांति और सद्भाव के माहौल में अदा की गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं ईद से पूर्व चांद रात की रौनक बाजारों और घरों में छाई रही। घरों में सेवईयां और पकवान की तैयारी होती रही।

टाट शाह मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए। जहां शहर इमाम मौलाना समसुल कादरी के नेतृत्व में नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान दुनिया में अमन-चैन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।इमाम मौलाना समसुल कादरी ने ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए युद्ध जल्द समाप्त होने और सभी देशों में लोगों की सलामती की दुआ की। इमाम ने बताया कि हालिया शव्वाल का चांद गुरुवार को नहीं दिखा, इसलिए रमजान 30 दिनों का पूरा हुआ और ईद-उल-फितर शनिवार को मनाई जाएगी। जामा मस्जिद इमामबाड़ा जवाहर अली खां में अलविदा जुमे की नमाज मौलाना सैयद अहमद अली आब्दी ने पढ़ाई। उन्होंने कहा कि जुल्म का एहतेजाज जरूरी है। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज वाजिब है। उन्होंने कहा कि सादगी से ईद मनाई जाए।


जामा मस्जिद इमामबाड़ा जवाहर अली खां में अलविदा जुमे की नमाज के दौरान खुतबा देते मौलाना सैय्यद अहमद अली आब्दी। अमृत विचार

### जिले में ईद-उल-फित्र नमाज का समय (सभी सुबह)

- मस्जिद पुलिस लाइंस – 7:30
- मस्जिद पालकी खाना – 7:30
- मस्जिद गुदड़ी बाज़ार चौक – 7:30
- मस्जिद सालार जंग (तेली टोला) – 7:30
- मस्जिद जिन्नात वाली (तरंग रोड) – 7:30
- मस्जिद बेगम बरलास – 7:30
- मस्जिद पुख्ता सराय (तरकारी मंडी) – 8:00
- मर्कजी ईदगाह चिरहा मोहम्मदपुर – 8:00
- मस्जिद बिलाल (सुभाष नगर) – 8:00
- जामा मस्जिद छोटी कटिया – 8:00
- मस्जिद शाहमद / मुग़लपुरा – 8:00
- मस्जिद आलमगीरी (सूरज द्वार) – 8:00
- मस्जिद कीवड़ा वाली – 8:00
- जामे मस्जिद क़ाज़ी कुतबा – 8:15
- ईदगाह दर्शन नगर – 8:30
- ईदगाह सिविल लाइंस – 9:00
- तारा ईदगाह, रानोपाली– 9:00
- जामा मस्जिद दोराही कुआँ – 9:15
- छोटी ईदगाह (मलंग शाह रोड) – 9:30
- मोती मस्जिद मुग़लपुरा – 9:30
- जामा मस्जिद इमामबाड़ा – 10:00
- बड़ी मस्जिद सैयदवाड़ा – 10:00
- वक्फ मस्जिद हसन रज़ा खाँ (घंटाघर) – 10:30
- मस्जिद खजूर वाली (गदड़ी बाज़ार) – 10:45

नोट – नमाज के समय में परिवर्तन हो सकता है। इसलिए निकट की मस्जिद से जानकारी अवश्य कर लें।


मरकजी अंजुमन द्वारा ईदगाह में शुक्रवार शाम आयोजित इफ्तार में शामिल रोजेदार।

### रोजा इफ्तार में सद्भाव के लिए दुआ

**अयोध्या।** सिविल लाइंस स्थित ईदगाह में मरकजी अंजुमन टाटशाह कमेटी द्वारा आयोजित रोज़ा इफ्तार में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने शिरकत की। टाटशाह मस्जिद के इमाम शमसुल कमर कादरी ने देश में अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। संचालन कमर राईन और उनकी टीम ने किया।बिलहरी शरीफ के सज्जादा नशीन सैय्यद अब्दुर्रब और सैय्यद निजामी हसन ने रोज़ेदारों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फाजिले बगदाद मुख्तरुल हसन, मास्टर सिराजुल हक, मौलाना अब्दुल मुकीत, असलम पठान, आजम कादरी सहित शहर के कई प्रमुख आलिम मौजूद रहे।

### मकबरा बहू बेगम साहिबा में कुरानख्वानी और हुई चादरपोशी


मकबरा बहू बेगम में कुरानख्वानी और चादरपोशी करते मोमनीन।

**अयोध्या, अमृत विचार :** माह रमजान उल मुबारक की समाप्ति से पूर्व मकबरा बहू बेगम साहिबा में गुरुवार देर शाम कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया। बहू बेगम साहिबा की कब्र पर चादरपोशी भी की गई। इस मौके पर सभी ने बहू बेगम साहिबा की मगफरत और मुल्क में अमन के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम में मकबरा बहू बेगम के एजेंट सैयद जफरुल हसनैन, मौलाना मंजर अब्बास, मौलाना इकबाल हैदर, मौलाना जफर अब्बास, मौलाना सादिकुल हसन, शायर ए अहलेबेत फरहत इरफ़ानी समेत बड़ी संख्या मोमनीन मौजूद रहे।

### अलविदा की नमाज में मांगी दुआ

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** क्षेत्र के कस्बा बीकापुर, चौरे बाजार, कोछा काजी सराय, नंदरौली, सोनखरी, गंडई, खजुरहट, कल्याणपुर चकडुहिया, कुढा, दराबगंज सोनबरसा मुसलमीन आदि जगहों पर स्थित मस्जिद और ईदगाह में अलविदा की नमाज पढ़ी गई। नमाजियों द्वारा देश में अमन चैन की दुआ मांगी। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में 32 स्थानों पर अलविदा की नमाज सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष ने बताया कि कोतवाली बीकापुर के अलावा पुलिस सर्किल क्षेत्र के तारुन और हैदरगंज थाना क्षेत्र में भी अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है।

## प्री-वेडिंग शूट के बहाने युवती को कोलकाता बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

- आरोपी के साथ तय हुई थी शादी, अब आरोपी मांग रहा 25 लाख व चार पहिया वाहन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्री-वेडिंग शूट के बहाने युवती को कोलकाता बुलाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का और आरोपी शादी करने के लिए 25 लाख नकद व थार वाहन की मांग करने का आरोप है। पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से इसकी शिकायत की है।

थाना महराजगंज अंतर्गत एक गांव में रहने वाले पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपी युवक के साथ युवती की शादी तय हुई थी। इस दौरान उसने प्री-वेडिंग शूट कराने के बहाने युवती को कोलकाता बुलाया। वहां उसे नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती की हालत बिगड़ गई। परिवारीजन उसे वापस अयोध्या लाए, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी पक्ष से संपर्क किया तो शादी के बदले थार गाड़ी और 25 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। पीड़ित परिवार ने इसकी लिखित शिकायत एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से की है। थाना प्रभारी महराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। एक परिवार ने अपने बेटी का रिश्ता कोलकाता में रहने वाले एक युवक से तय किया था। कुछ दिनों से दोनों साथ-साथ भी रहते थे। आरोपों की जांच की जा रही है।

## किशोरी का अपहरण कर जबरन शादी कर दुष्कर्म करने का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना इनायतनगर के एक गांव की रहने वाली मां ने गांव के एक व्यक्ति पर अपनी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने व गांव के ही एक युवक से जबरन विवाह करा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि शिकायत के बाद थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता शुक्रवार को पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंची व शिकायत दर्ज कराई। थाना इनायतनगर प्रभारी रतन सेन शर्मा ने बताया कि पीड़िता की मां को थाने पर बुलाया गया है। तहरीर लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


जिला चिकित्सालय में लोगों को जागरूक करते डॉ. विनोद शुक्ला।

### ओरल हेल्थ-डे पर मरीजों को किया जागरूक

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व ओरल हेल्थ-डे के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला चिकित्सालय में शनिवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिकित्सालय के डेंटल सर्जन डॉ. विनोद कुमार शुक्ला ने आम जनमानस को मौखिक स्वास्थ्य की महत्ता समझाते हुए मुख में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए उपयोगी सुझाव दिए। बताया कि नियमित ब्रश करने, सही तरीके से दांतों की सफाई, संतुलित आहार और समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच करवाना मुंह की कई गंभीर समस्याओं जैसे कैविटी, मसूड़ों की बीमारी, मुंह का कैंसर आदि से बचाव कर सकता है। उन्होंने तंबाकू और गुटखा के सेवन के घातक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इनसे दूर रहने की अपील की। इस वर्ष की आधिकारिक थीम हेल्दी माउथ इज ए हैप्पी लाइफ (स्वस्थ मुंह ही सुखी जीवन है) के अनुरूप सरकार एवं शासन के निर्देशों का पालन करते हुए एक हेल्थ टॉक भी आयोजित किया गया। डॉक्टर शुक्ला ने उपस्थित लोगों से संवाद कर उनके प्रश्नों का भी समाधान किया।

## टप्पेबाजी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से 6200 नकद, एक तमंचा व कार बरामद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** गोसाईगंज निवासी एक व्यक्ति के साथ टप्पेबाजी कर 20 हजार रुपये ठगने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 6200 रुपये, एक तमंचा-कारतूस व कार बरामद हुआ है।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 19 मार्च को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के निवासी मो. अयूब ने कोतवाली नगर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह 15 मार्च को साकेत एक्सप्रेस ट्रेन से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर उतरे थे व सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान एक कार वहां आई व उसमें सवार तीन लोगों ने अपने को सरकारी कर्मी बताते हुए उन्हें गोसाईगंज छोड़ने की बात कही, इस पर वह कार में बैठ गए। रास्ते में उनमें से एक ने कहा कि आगे चेकिंग लगी हुई है, आपके पास जो नकद पैसा है उसे इस लिफाफे में रख दीजिए। आगे जाकर आपको वापस कर देंगे। इस पर उन्होंने अपने पास रखे 20 हजार रुपये लिफाफे में रखकर उन्हें दे दिये। थोड़ा आगे जाने पर उन्होंने उसे उक्त लिफाफा देते हुए उन्हें कार से उतार दिया। कार जाने के बाद जब लिफाफा खोला तो उसमें नोट की जगह कागज भरे हुए थे।

सीओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर मामले की जांच कर रही प्रभारी चौकी सिविल लाइंस अमित कुमार व चौकी प्रभारी रामनगर धर्मेन्द्र सिंह की टीम ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान कमलेश कुमार यादव निवासी ग्राम खमपुर मौजा सिसवा थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज, दीपक सिन्हा निवासी ग्राम गाड़ीवान टोला खुल्दाबाद थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज व राकेश निवासी ग्राम पूरे पितई करनपुर थाना नगर कोतवाली जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई। तीनों ने उक्त घटना करना भी स्वीकार किया। आरोपियों में राकेश व दीपक का आपराधिक इतिहास भी है। तीनों का चालान कर दिया गया है।


बीकापुर में चौपाल कार्यक्रम में मौजूद विधायक डॉ .अमित सिंह चौहान।

## विधायक की चौपाल में उठीं जनसमस्याएं

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** विकास खंड बीकापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय भनौली के मजरा टूटे का पुरवा में विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों गांव की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने गांव में स्थित प्रसिद्ध काली माता के चौरा तक जाने वाली लगभग 250 मीटर कच्ची सड़क को जल्द दुरुस्त कराने का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर राम लखन पांडे, गिरीश तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, जैशराज, ओम मिश्रा, राजनाथ मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षकों को कोर्ट से अवश्य मिलेगा न्याय : देवेंद्र

अयोध्या कार्यालय।


टीईटी को लेकर एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह से भेंट करता शिक्षक प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह शुक्रवार को यहां पहुंचे। एक गेस्ट हाउस में शिक्षक समाज की विभिन्न समस्याओं और टीईटी को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि टीईटी को लेकर शिक्षकों को कोर्ट से न्याय अवश्य मिलेगा।

जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह द्वारा विभागीय टेट एवं अन्य शैक्षिक मुद्दों को उठाया गया। जिस पर एमएलसी ने कहा कि अगर न्यायालय से राहत नहीं मिलती है तो वह सरकार से वार्ता कर मध्य प्रदेश की तर्ज पर विभागीय टेट की व्यवस्था लागू कराने के लिए मुख्यमंत्री से समय लेकर सकारात्मक पहल करेंगे। बैठक में वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, विकास सिंह, रामजी सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**मवई,अयोध्या।** मवई थाना क्षेत्र के नरही पुरवा मजरे नेवरा गांव में साढ़ू रामशब्द के घर आए एक युवक का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर बने पशु शेड में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान सूरज शर्मा (28) पुत्र शिवराज शर्मा निवासी पंडरी पूरे जालिम थाना इनायतनगर के रूप में हुई है। वहीं, मृतक के पिता ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के मुताबिक सूरज करीब 10 दिन पहले पत्नी व बच्चों के साथ अपने साढ़ू के घर नेवरा गांव आया था। बताया जाता है कि सूरज ने रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दूसरे समाज की युवती से प्रेम विवाह किया था, पुलिस के अनुसार सूरज ने शराब पीने के बाद पत्नी से झगड़ा किया और इसके बाद पशु शेड में लगे टीन शेड की पाइप पर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। मवई थानाध्यक्ष सुरेश पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है।


फीता काटकर नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष का शुभारंभ करते एसएसपी डॉ .गौरव ग्रोवर।

## एसएसपी ने किया प्रभारी निरीक्षक कक्ष का लोकार्पण

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी के साथ थाना इनायतनगर में नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष का शुक्रवार को लोकार्पण किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एसएसपी ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तैनात चौकीदारों को टार्च, डंडा और साफा वितरित कर उन्हें आवश्यक सुरक्षा संसाधनों से सुसज्जित किया।

कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चौकीदार सुरक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं, जिनकी सक्रियता से अपराध नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर में चंदन व कपूर के पौधों का रोपण भी किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार सिंह, एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार, थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन कुमार शर्मा सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रंजिश में खूनी संघर्ष, दंपति व बेटी गंभीर

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के गोरवा (अस्थना) गांव में रंजिश के चलते गुरुवार शाम खूनी संघर्ष हो गया। विपक्षियों ने कुल्हाड़ी, गहदाला और लाठी-डंडों से हमला कर पति-पत्नी और उनकी बेटी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता माधुरी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही रामनेवल, रामअचल, रामबचन, रामकेवल, माना देवी, सतनाम, रोहित, अंकित, सिखा, नीतू, रागिनी, रिश्तेदार अमन समेत 4-5 अज्ञात लोग रंजिश को लेकर एकजुट होकर उनके घर पहुंचे। हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की और पूर्व में दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाया। थाना प्रभारी रतन सेन ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

फ़ैज़ाबाद पब्लिक स्कूल
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
Admission Open
प्रवेश प्रारम्भ
Limited Seats
नर्सरी से IX – XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL

# सामाजिक सहभागिता मानवीय संवेदना का प्रतीक : कुलपति

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालय का यह दायित्व है कि वह समाज के उन वर्गों की ओर हाथ बढ़ाए जिन्हें हमारे सहयोग और संबल की सर्वाधिक आवश्यकता है। राजकीय महिला शरणालय को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लेना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक सहभागिता और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है। ये बातें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं। वे शुक्रवार को ने राजभवन के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए राजकीय महिला शरणालय भीखापुर में आवासित महिलाओं व बच्चों को दैनिक उपयोग से जुड़ी विभिन्न प्रकार की वस्तुएं वितरित कर रहे थे।


राजकीय महिला शरणालय में दैनिक उपयोग की वस्तुओं को प्रदान करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी। अमृत विचार

कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा समाज का एक अभिन्न हिस्सा होने के नाते, हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम उन वर्गों के प्रति संवेदनशील रहें जिन्हें अतिरिक्त सहयोग और सुरक्षा की आवश्यकता है। वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल ने कहा कि नारी शक्ति का स्वावलंबन और बच्चों का मुस्कुराता बचपन ही एक समृद्ध राष्ट्र की नींव है। इस मौके पर डॉ. दिनेश कुमार सिंह, गिरीशपंत, स्वतंत्र त्रिपाठी व अन्य उपस्थित रहे।

### शरणालय केंद्र को ये भेंट की गईं वस्तुएं

शरणालय केंद्र अधीक्षका को प्रदान की गई वस्तु में प्रमुख रूप से में सिलाई मशीन, बच्चों की कुर्सी, सेंटर टेबल, शिक्षण उपकरण, खिलौने, स्टोरी बुक्स, फुटबॉल, व्हाइट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, क्रेएन कलर्स, पेंसिल बॉक्स, पेंसिल पैकेट, स्टील के गिलास, प्लेट्स, कटोरी, बच्चों की चप्पल और दूध की बोतलें शामिल हैं।

## जनपद में मुख्यमंत्री ग्राम बस सेवा शुरू

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में मुख्यमंत्री ग्राम बस सेवा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मिनी बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन विभाग ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए निजी बस संचालकों से जिला स्तर पर अनुबंध की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में 15 से 28 सीटों वाली मिनी बसें चलाई जाएंगी। इच्छुक निजी बस संचालक 28 मार्च तक एआरएम कार्यालय में अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन शुल्क दो हजार रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि पांच हजार रुपए प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करने होंगे। इसके अतिरिक्त, संचालकों को प्रतिमाह 1500 रुपए का संरक्षण शुल्क परिवहन विभाग को अदा करना होगा। अनुबंध की अवधि दस साल निर्धारित की गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एआरएम हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए परमिट में शत प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

# बेसिक शिक्षा में अब होगा अलग-अलग कैडर

अयोध्या कार्यालय।

● शहरी और ग्रामीण कैडर व्यवस्था से होगी तैनाती और संचालन

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के नगर क्षेत्र कैडर के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग नई योजना पर काम कर रहा है। कई वर्षों से चली आ रही समस्या के समाधान के तहत नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती स्वीकृत पद के सापेक्ष नहीं, बल्कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के मानकों के अनुरूप की जाएगी।

इसके तहत छात्र-शिक्षक अनुपात को आधार बनाकर नगर क्षेत्र के स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्र कैडर के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं। सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से उनके जिले का

> बेसिक शिक्षा परिषद से सूचना मांगी है। अभी रिपोर्ट तैयार कर एक सप्ताह बाद भेजी जायेगी। परिवर्तन शासन की दिशा निर्देश पर प्रस्तावित है।
> –लालचंद, बीएसए।

वर्तमान ले-आउट रिपोर्ट के साथ मांगा गया है। बेसिक शिक्षा में दो अलग-अलग कैडर (नगर और ग्रामीण) होंगे।

एक दशक से अधिक समय से ग्रामीण क्षेत्रों से नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती नहीं होने के कारण नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है। स्थिति यह है कि कई विद्यालय शिक्षा मित्र के भरोसे हैं। नगर क्षेत्र के लिए सीधी भर्ती की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में 10 वर्ष की सेवा के बाद शिक्षकों को नगर क्षेत्र में तैनाती देने की व्यवस्था है। नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए पूर्व महानिदेशक बेसिक शिक्षा विजय किरन आनंद ने शासन को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के कारण तैनाती नहीं दी जा सकी। अब एक बार फिर नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। स्वीकृत पदों की संख्या के बजाय विद्यालयों में नामांकित छात्रों की संख्या को आधार बनाकर तैनाती दी जाएगी। इससे उन स्कूलों को प्राथमिकता मिलेगी, जहां छात्र संख्या अधिक है लेकिन शिक्षक कम हैं। इस व्यवस्था से शिक्षक-छात्र अनुपात बेहतर होने के साथ शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आएगा।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की हेरिटेज साइट की सूची तैयार करने का दिया निर्देश

● सीडीओ ने की जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इसमें जिले के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास एवं संवर्धन को लेकर समीक्षा की।

पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की। अयोध्या में हेरिटेज वॉक एवं निर्धारित रूट के क्रियान्वयन के संबंध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स एवं टूर गाइड से संबंधित निर्णयों की पुष्टि के विषय में जानकारी ली। निर्देश दिया कि हेरिटेज वॉक को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाते हुए पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान किया जाए। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के तहत लुप्तप्राय कला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की। विभागों को इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिया। पर्यटन स्थलों पर विकसित की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्देश दिया कि इन स्थलों पर मल्टीपरपज हॉल, सुलभ शौचालय, पेयजल व्यवस्था, समुचित प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच एवं क्यूआर/बारकोड युक्त साइनेज की व्यवस्था की जाए। उप निदेशक पर्यटन को निर्देश दिया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की हेरिटेज साइट की सूची तैयार की जाए। जिससे उन्हें भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। बैठक में सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, उपनिदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह सहित कार्यदायी संस्था के लोग मौजूद थे।


कथा व्यास आचार्य ज्ञानचंद द्विवेदी ने शिवेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते साथ में विधायक अभय सिंह। अमृत विचार

## सच्चा मित्र वही जो सुख-दुख में काम आए

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ब्लॉक के राजेपुर में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के आवास पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा ब्यास आचार्य ज्ञानचंद द्विवेदी ने कहा कि मित्रता, विपन्नता और सम्पन्नता देखकर नहीं की जाती है, सच्चा मित्र वही जो सुख-दुख में काम आए। श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता से दिव्य परिभाषा स्थापित हुई। कथा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव विधायक, अध्यक्ष सहकारी बैंक अयोध्या धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सहित तमाम श्रोता मौजूद रहे।

# जिले में 1 लाख 2 हजार बिजली उपभोक्ता डिफॉल्टर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में 1 लाख 2 हजार बिजली उपभोक्ता डिफॉल्टर पाए गए हैं। जिनमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ता शामिल हैं। एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस के तीनों चरणों में भी बकाया जमा न करने पर पावर कॉरपोरेशन ने अब इन उपभोक्ताओं से सख्ती से निपटने की तैयारी की है। निगम इन डिफॉल्टरों से 20 करोड़ रुपए की वसूली करेगा।

इन डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के घरों या प्रतिष्ठानों में लगे मीटर उखाड़ने के साथ ही उनके बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। इस कार्रवाई के लिए वितरण और विजिलेंस टीमें पुलिस बल के साथ उपभोक्ताओं के दरवाजे पर दस्तक देंगी। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने कनेक्शन काटने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। इन डिफॉल्टरों में वह उपभोक्ता भी शामिल हैं, जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद बिल जमा नहीं किया है। जिन उपभोक्ताओं ने इस योजना में पंजीकरण नहीं कराया, उन्हें अब सरचार्ज और मूलधन में किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। उपखंडवार चार सदस्यीय टीमों का गठन किया गया है, जो डिफॉल्टर उपभोक्ताओं से बकाया वसूलेंगी। अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन के कुल 4 लाख 30 हजार उपभोक्ताओं में से 1 लाख 2 हजार को डिफॉल्टर घोषित किया गया है।

### बड़े बकाएदारों को जारी की जाएगी आरसी

बिजली बिल का भुगतान न करने वाले 80 हजार बड़े बकाएदारों को अब आरसी जारी की जाएगी। इन पर निगम का 15 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने सभी वितरण खंडों में सख्ती से वसूली के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत हर माह दो हजार आरसी जारी की जाएंगी। चारों डिवीजन में 80 हजार उपभोक्ताओं पर 50 हजार रुपए से अधिक का बिल बकाया है। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि ओटीएस में भी बकाया बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को आरसी जारी की जाएगी।

# टूटी नाली पटियों से बढ़ा खतरा, लोगों में रोष

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत जहांगीरगंज क्षेत्र की गलियों में नालियों के ऊपर रखी गई सीमेंटेड पटियों के टूटने से स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। जगह-जगह धंसी और टूटी पटियां अब आमजन के लिए बड़े खतरे का कारण बन चुकी हैं। नगर पंचायत जहांगीरगंज के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

बता दें कि नगर पंचायत जहांगीरगंज की अधिकांश गलियों में सडकों के बीचों-बीच नालियां बनी हुई हैं, जिन्हें ढंकने के लिए सीमेंटेड पटिया लगाई गई थी। लेकिन रखरखाव के अभाव में ये पटियां महीनों से टूटी और धंसी पड़ी हैं। कई स्थानों पर पटियां पूरी तरह हट चुकी हैं, जिससे गहरी खुली नालियां सीधे हादसों को आमंत्रण दे रही हैं। सुबह से लेकर देर रात तक इन रास्तों से सैकड़ों लोगों का आवागमन बना रहता है। दिन के समय तो लोग किसी तरह सावधानी बरत लेते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में खुली नालियां दिखाई न देने से आए दिन लोग उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।


नगर पंचायत जहांगीरगंज क्षेत्र की गलियों में नालियों के ऊपर रखी पटियां हैं टूटी।

### ईओ बोले

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी उमेश पासी ने बताया कि नगर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पटियों को चिन्हित कर उन्हें बदलने का कार्य शुरू करा दिया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## आज मनाया जाएगा ईदुल फितर का त्योहार

**जलालपुर।** ईदुल फितर का त्योहार 21 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर सरकारी अमला पूरी तरह मुस्तैद है। नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई रखने का जहां निर्देश दिए हैं। वहीं पालिका परिक्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को बहाल रखने को कहा है। ईदुल फितर त्योहार को सकुशल संपन्न के लिए पुलिस प्रशासन काफी सतर्क है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह और उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने नगर और क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारा के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील की है। इसी कड़ी में तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन समेत अन्य विभागों की एक अहम बैठक कोतवाली परिसर में नवरात्रि व ईद की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें त्योहार को सकुशल संपन्न कराने की दिशा में निर्णय लिया गया।


रमजान माह के अंतिम शुक्रवार जुमतुलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार।

## जुमतुलविदा की नमाज शांति पूर्ण माहौल में अदा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार जुमतुलविदा की नमाज नगर और क्षेत्र में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी और नमाज के दौरान अमन, शांति एवं देश की तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। इस दौरान शिया समुदाय के लोगों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। काजीपुरा स्थित आला हजरत मस्जिद में मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी की कयादत में नमाज अदा की गई। उन्होंने खुतबे के दौरान मस्जिद अक्सा की आजादी के लिए दुआ करने के साथ ही लोगों से गरीबों की मदद कर उन्हें ईद की खुशियों में शामिल करने की अपील की। वहीं सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौजा-ए-हजरत कासिम में मौलाना रहबर रजा सुल्तानी ने नमाज अदा कराई। मदीना मस्जिद में कारी गयासुद्दीन तथा उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में मौलाना नजीबुल्लाह की अगुवाई में अकीदतमंदों ने जुमतुलविदा की नमाज अदा की।

## अनिल का असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर हुआ चयन, परिजनों में खुशी की लहर



**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम जोलहिया निवासी अनिल कुमार शर्मा का चयन रेलवे के मुंबई जोन में असिस्टेंट लोको पायलट पद पर होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अनिल कुमार शर्मा साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता राम जियावन शर्मा मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता लीलावती शर्मा गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अनिल ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है।

## शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का है आधार : त्रिभुवन


वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक त्रिभुवन दत्त।

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत विकास खंड जहांगीरगंज के ग्राम बभनपुरा गढ़वल स्थित डायनेमिक सेंट्रल एकेडमी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव विधायक आलापुर त्रिभुवन दत्त रहे। विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र दूबे और उनके सहयोगियों ने मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवन दत्त का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लगन और परिश्रम से आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव योगेन्द्रनाथ त्रिपाठी, श्यामसुंदर दुबे, अर्जुन पाण्डेय, रामसेवक दुबे, सपा नेता प्रेमसागर प्रजापति, अजय गौतम एडवोकेट, कृष्ण कुमार पाण्डेय, मायाराम गौतम, आनंद पाण्डेय, गायक वीरेंद्र भारती, विजय प्रताप सिंह, मोहनलाल चौरसिया, रवि गौतम, प्रिंस पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मण दुबे, राकेश कुमार राका, धीरेंद्र दुबे, संजय गौतम, अन्नू कनौजिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में समर कैंप का शुभारंभ


सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में दस दिवसीय समर कैंप में मौजूद छात्र-छात्राएं।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस कैंप में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध शैक्षिक, खेल और रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। समर कैंप के अंतर्गत क्रिकेटर, फुटबॉल, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, कैरम और शतरंज जैसे खेलों के साथ-साथ क्लासिकल एवं सूफी डांस, सिंगिंग, म्यूजिक, पब्लिक स्पीकिंग, फन विथ मैथ, कंप्यूटर कोडिंग, टॉय मेकिंग तथा आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में भाग ले रहे छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और पूरे उत्साह के साथ अपने कौशल को विकसित करने में जुटे हुए हैं, जिससे विद्यालय परिसर में रचनात्मक ऊर्जा का माहौल बना हुआ है।

## मासूम बच्ची पर कुत्ते के हमले के बाद विरोध करने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम जैनापुरए परूईआ आश्रम में एक मासूम बच्ची पर कुत्ते के हमले के बाद विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि ग्राम निवासी विश्वनाथ पुत्र मोतीलाल जो अनुसूचित जाति के हैं ने बताया कि उनकी लगभग सात वर्षीय पुत्री अंशु 18 मार्च की शाम करीब 6 बजे घर से करीब 200 मीटर दूर दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही राजकुमार विश्वकर्मा के घर के पास मौजूद उनके पालतू कुत्ते को जानबूझकर बच्ची पर छोड़ दिया गया, जिससे कुत्ते ने अंशु के कान के पास काट लिया। घायल बच्ची रोते हुए घर पहुंची। घटना की शिकायत लेकर जब पीड़ित अपने साथियों पंकज और सुरजू के साथ आरोपियों के घर पहुंचे, तो आरोप है कि विपक्षी पक्ष गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान बीच-बचाव कर रहे पंकज के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया गया, जिससे उनका सिर फट गया और उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। साथ ही पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय प्रताप यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद और विधायक निधि के कार्यों को ससमय करें पूर्ण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● गर्मी से पूर्व विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए डीएम ने की उच्चस्तरीय बैठक

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने चेयरमैन पावर कॉर्पोरेशन के निर्देशानुसार शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनपद की विद्युत व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, सांसद लाल जी वर्मा, विधायक अकबरपुर रामअचल राजभर, विधायक टांडा राम मूर्ति वर्मा, प्रतिनिधि विधायक कटेहरी और प्रतिनिधि विधायक जलालपुर सहित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत उपस्थित रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों, उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों, विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सांसद और विधायक निधि के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विधानसभावार समीक्षा करते हुए समस्त अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। मुख्य अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि शेष कार्यों को मार्च माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने पूर्ण कार्यों का विवरण जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# प्रतियागिताओं से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**अमृत विचार।** देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता की धमाकेदार शुरुआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि खेल मैदान मेहनत, अनुशासन और टीम भावना ही सफलता की कुंजी है। महिला हॉकी प्रतियोगिता का पहला मैच स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर बनाम मेरठ के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। वहीं दूसरा मुकाबला बनारस बनाम अयोध्या हॉस्टल के बीच खेला गया। जिसमें अयोध्या हॉस्टल ने वाराणसी को बड़े अंतर से 0-10 से हराया। तीसरा मैच भदोही बनाम लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमें लखनऊ ने 0-5 के बड़े अंतर से भदोही को हराया। चौथा मैच बीबीएस कॉलेज गोरखपुर बनाम सहारनपुर के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर ने सहारनपुर को 28-0 के अंतर से हराया।


महिला हॉकी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे।

### प्रतियोगिता में देखने को मिलेंगे रोमांचक मुकाबले

राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के भव्य उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, कोचों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जो राज्य की महिला हॉकी प्रतिभाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक राना रणधीर सिंह अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ, आशाराम वर्मा कोषाध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ, महाविद्यालय के आकाश श्रीवास्तव, खेल संकाय अध्यक्ष प्रमोद यादव, खेल विभाग व मनोज सिंह, नीरज पटेल, ट्रेनर खेल संकाय व प्राचार्य अनन्त बहादुर सिंह व अन्य सम्मनित प्राध्यापक उपस्थिति रहे।


पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसएसपी।

## एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए बरदह थाना पुलिस ने सराहनीय काम किया है। इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चार पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान थाना बरदह पुलिस को बड़ी सफलता मिली। दिनांक 17/18 मार्च की रात गोड़हरा बाजार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक बाइक पर सवार चार संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली, जिनके पास से चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने थाना मेंहनगर, देवगांव समेत अन्य जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। इस सराहनीय कार्य के लिए आज पुलिस कार्यालय आजमगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने थाना प्रभारी बरदह समेत चार पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी और क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल भी मौजूद रहे।

अपील | डीएम व एसपी ने ईद और चैत्र रामनवमी को सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

# आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों ईद-उल-फितर एवं चैत्र रामनवमी को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक किया।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को बनाए रखते हुए त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील किया। बैठक में बताया गया ईद-उल-फितर 21 मार्च को चंद्रदर्शन पर निर्भर है। 26 मार्च को चैत्र रामनवमी के अवसर पर 17 जुलूस शोभायात्राएं और 12 मेलों का आयोजन प्रस्तावित है। जिनमें क्रमशः लगभग 7 हजार और 22 हजार श्रद्धालुओं की भागीदारी अपेक्षित है। सभी पर्वों पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद को पांच जोन, 18 सेक्टरों में विभाजित करते हुए सात विशेष मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सेवाएं और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नमाज स्थलों और जुलूस मार्गों का पूर्व निरीक्षण, विद्युत तारों की सुरक्षित ऊंचाई, आवारा पशुओं की रोकथाम तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।


कलेक्ट्रेट परिसर में त्योहारों को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

### परंपराओं के अनुरूप ही संपन्न कराएं त्योहार

पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने कहा कि पुलिस सतर्क निगरानी रखते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी नजर रखे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि त्योहारों के दौरान कोई नई परंपरा प्रारंभ नहीं की जाएगी तथा सभी आयोजन पूर्व निर्धारित परंपराओं के अनुरूप ही संपन्न कराए जाएंगे, जिससे जनपद में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था पूर्णतः सुदृढ़ बनी रहे।

# चमत्कारी शक्तिपीठ है मुकुंदपुर स्थित मां वाराही देवी मंदिर

**नवरात्र विशेष**

**● इसी स्थान पर गिरा था माता सती का जबड़ा, आज भी है सुरंग**



उमरीबेगमगंज के मुकुंदपुर में स्थापित शक्तिपीठ मां वाराही देवी मंदिर।

**गोंडा, अमृत विचार :** उमरीबेगमगंज के मुकुंदपुर स्थित माता वाराही देवी का मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। नवरात्र में मां के दर्शन के लिए यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मां वाराही का यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है।

कहा जाता है कि जब भगवान शिव माता सती का पार्थिव शरीर को उठाकर ले जा रहे थे तब माता सती का जबड़ा इस स्थान पर गिरा था। जिस स्थान पर जबड़ा गिरा वहां सुरंग बन गयी। वह स्थान आज भी है। माता वाराही का यह मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। प्रदेश के अलग अलग जिलों के श्रद्धालु यहां आते हैं और माता का दर्शन करते हैं। स्थानीय लोगों की माने तो इस मंदिर में आंख दान करने की परंपरा है। यहां पर कृत्रिम आंख लेकर श्रद्धालु मां के चरणों में अर्पित करते हैं। मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से यहां अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं मां वाराही उनकी मनोकामना जरूर पूरा करती हैं। मंदिर की मुख्य पुजारी साध्वी रामा देवी का कहना है यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माताजी का जबड़ा गिरा था जो पाताल लोक चला गया था। वह सुरंग आज भी है। इस स्थान पर अखंड ज्योति दिन रात जलती रहती है।

## नवरात्र के दूसरे दिन देवी मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हुई पूजा



मुजेहना के माता मुंगरौल देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प, फल, मिष्ठान्न और चुनरी अर्पित की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती का आयोजन किया गया। शहर के काली भवानी मंदिर, खैरा देवी मंदिर, उमरीबेगमगंज के मां वाराही देवी मंदिर, मनकापुर के बानगढ़ देवी मंदिर, मेहनौन के मां पटमेश्वरी देवी मंदिर, मुंगरौल देवी मंदिर, करनैलगंज के मां काली मंदिर समेत जिले के अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका और मां की पूजा अर्चना की। घरों में देवी शप्तशती व दुर्गा चालिसा का पाठ किया गया। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। शहर के खैरा देवी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु राजेश कुमार, सरिता व रामसुरेमन ने बताया कि मां खैरा देवी अपने भक्तों की मनोकामना को आवश्यक पूरा करती हैं। आंख में पीड़ा होने पर यहां पर कृत्रिम आंख भी चढ़ाए जाने की प्रथा है। मनकापुर के बानगढ़ देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में लोग मां के मंदिर पहुंचे और पूजन अर्चन किया।

# बेमौसम बरसात से फसलें बर्बाद

**मौसम का यू टर्न**

**● भोर में बदला मौसम, तेज हवा, बारिश ने खेतों में मचाई तबाही**

संवाददाता, गोंडा



परसपुर इलाके में बारिश व हवा से गिरी गेहूं की फसल।



बारिश के बीच में गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार की भोर में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सुबह करीब तीन बजे से तेज हवा के साथ शुरू हुई हल्की बारिश ने खेतों में खड़ी और कटी पड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बेमौसम बारिश और तेज हवा के झोंकों से आलू, मटर, चना, सरसों, अरहर समेत अन्य तिलहनी फसलें प्रभावित हुई हैं। कई खेतों में कटी पड़ी सरसों भीग गई, जबकि तेज हवा से कई स्थानों पर गेहूं की फसल भी खेतों में बिछ गई।

रबी सीजन की तैयार फसलों पर आई इस आफत ने किसानों की कमर तोड़ दी है। फसलें अब बर्बादी की कगार पर हैं। खेतों में भरे पानी और फसलों के भीगने से किसानों को उपज घटने के साथ गुणवत्ता खराब होने का डर सता रहा है। ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही किसान खेतों की ओर दौड़ पड़े और किसी तरह नुकसान का आकलन करने में जुटे रहे। जिन खेतों में आलू की खुदाई बाकी है, वहां पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो खेत में पड़े आलू सड़ने लगेंगे, जिससे लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। किसान राम किशोर ने बताया कि उनकी सरसों की फसल खेत में कटी पड़ी है और मटर की फसल तैयार है। आलू की खोदाई भी बाकी है। उन्होंने कहा कि सरसों भीग चुकी है और आलू के खेत में पानी भर गया है। अगर बारिश तेज हुई तो आलू खेतों में ही सड़ सकता है, जिससे बड़ा नुकसान होगा। किसान उदयराज का कहना है कि बारिश ने सरसों, मटर, चना और अरहर जैसी फसलों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। फसल के भीग जाने से न सिर्फ उपज घटेगी, बल्कि दानों की गुणवत्ता भी खराब होगी, जिससे बाजार में उचित दाम मिलना मुश्किल हो जाएगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

### बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**परसपुर :** शुक्रवार की सुबह से मौसम के अचानक खराब होने और तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सेमरी गांव के किसान हरिओम दुबे ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल में दाने आने लगे थे, लेकिन अचानक मौसम खराब होने और तेज हवा चलने से फसल गिर गई। उन्होंने कहा कि अब दाने ठीक से विकसित नहीं हो पाएंगे और सूखने की संभावना बढ़ गई है, जिससे उत्पादन और वजन दोनों में कमी आएगी।

# पेड़ से टकरायी अनियंत्रित बाइक, दो युवकों की मौत



राधेश्याम व चंदन (फाइल फोटो)

**● तुलसीपुर देवीपाटन मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे दोनों**

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के चिश्तीपुर निवासी 20 वर्षीय राधेश्याम और कौरोधिया निवासी 21 वर्षीय चंदन यादव की बलरामपुर में एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा दुल्हिनपुरवा के पास उस समय हुआ, जब दोनों युवक बाइक से नवरात्र के अवसर पर मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन करने जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि रास्ते में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। देर रात हुए इस हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जैसे ही घटना की खबर परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। परिजन बलरामपुर के लिए रवाना हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, राधेश्याम अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसने हाल ही में दर्जीकुआं चौराहे पर एक रिकॉर्डिंग स्टूडियो खोलकर परिवार की जिम्मेदारी संभाली थी। वहीं, चंदन यादव भी अपने परिवार का सहयोग करता था। स्थानीय पुलिस ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है।

# रोल प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाचक नामावलियों पर मंथन



नामावलियों की समीक्षा करते कमिश्नर, डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयुक्त देवीपाटन मण्डल/ रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के सामने समीक्षा की गई। गोंडा के सात विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं की संख्या 20 लाख 82 हजार 370 है। 2 लाख 27 को नोटिस दी गई थी। अब तक 19207 लोगों के जवाब पेंडिंग हैं।

बैठक में विधायक कटरा बाजार बावन सिंह भाजपा बावन सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे, सपा से पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, कर्नलगंज विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी, तरबगंज प्रतिनिधि विनोद पांडेय, संपत सिंह, बसपा से विश्राम वर्मा, राकेश तिवारी, डीएम प्रियंका निरंजन, एडीएम शामिल रहे। कमिश्नर ने जोर दिया कि एक परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही बूथ पर सुनिश्चित किए जाएं। बूथ पर नियुक्त बीएलओ के मोबाइल नंबरों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लिया जाए।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म का प्रयास और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित का कहना है कि वह दिल्ली में मजदूरी करता है और उसकी पत्नी घर पर रहती है। आरोप है कि 14 मार्च की रात करीब 10 बजे गांव का संदीप कुमार घर में घुस आया और पत्नी को धमकी देकर गलत कार्य करने का प्रयास किया। घर में आहट होने पर अन्य परिजन जाग गए और मौके पर आरोपी को कमरे के अंदर पकड़ लिया गया। घटना का वीडियो साक्ष्य भी मौजूद बताया गया है। घटना के बाद आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है, जिससे परिवार दहशत में है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। इस संबंध में कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# घंटों लाइन में लगने के बाद भी मायूसी

**एलपीजी संकट**



भार्गव गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कस्बे में गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति के चलते उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। कस्बे की वैष्णवी भारत गैस एजेंसी पर बीते दो दिनों से सिलेंडर आपूर्ति बाधित होने से सैकड़ों उपभोक्ता परेशान हैं। शुक्रवार को भी सिलेंडर न मिलने से कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

एजेंसी के कैशियर विजय यादव ने बताया कि शनिवार को गैस सिलेंडर की नई खेप आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से एजेंसी पर उपभोक्ताओं की केवाईसी और अन्य कार्यालय संबंधी कार्य भी किए जा रहे हैं। कस्बे की भार्गव भारत गैस एजेंसी पर भी गुरुवार को आपूर्ति नहीं आई। जिसके कारण शुक्रवार की सुबह से ही एजेंसी परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर मिलने की उम्मीद में लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने से दर्जनों उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड़ा। स्थिति को संभालने के लिए स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलेंडरों का वितरण कराया गया। वितरण के दौरान निगरानी के लिए तैनात लेखपाल भी नदारद नजर आये। एजेंसी की प्रोपराइटर आभा भार्गव ने बताया कि शुक्रवार को 306 सिलेंडरों की खेप प्राप्त हुई थी, जिसे नियमानुसार उपभोक्ताओं में वितरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल शहरी क्षेत्र में होम डिलीवरी की सुविधा बाधित है, लेकिन जल्द ही इसे बहाल कर दिया जाएगा। अभी उपभोक्ताओं को बुकिंग के क्रम से एजेंसी पर ही डिलीवरी मैन के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की सभी चार गैस एजेंसियों पर गैस वितरण के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बिगाड़ने या माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**रही सतर्कता** — सभी प्रमुख मस्जिदों के आसपास की गई थी पुलिस बल की तैनाती

# रमजान के आखिरी जुमे पर मस्जिदों में मांगी गयी अमन की दुआ

नवाबगंज, गोंडा



मस्जिद में नमाज पढ़ते रोजेदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस मौके पर रोजेदारों ने अल्लाह की इबादत कर देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

सुबह से ही मस्जिदों में नमाजियों की आवाजाही शुरू हो गई थी और नमाज के समय तक भीड़ काफी बढ़ गई। नगर के गांधी चौक स्थित जामा मस्जिद, कटी तिराहा की दारुल अमन मस्जिद, पड़ाव की सराय मस्जिद और संचरही मोहल्ले की पुरानी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की।

हर तरफ इबादत का माहौल नजर आया। सराय मस्जिद के मौलवी कुरबान अली ने बताया कि अलविदा जुमे का विशेष महत्व होता है। इस दिन रोजेदार अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और मुल्क में शांति, भाईचारा और तरक्की के लिए दुआ करते हैं। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने पुलिस टीम के साथ नगर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत महसूस की। पूरे क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।



नमाज के दौरान गोंडा शहर में जायजा लेते एसपी विनीत जायसवाल।

### पुलिस रही सतर्क, एसपी ने किया शहर का भ्रमण

**गोंडा, अमृत विचार :** जुमा अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। एसपी विनीत जायसवाल ने शहर के संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों तथा आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। एसपी ने स्पष्ट कहा कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही स्थानीय लोगों एवं धर्मगुरुओं से संवाद कर सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान एएसपी मनोज रावत नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पहले मांगी लिफ्ट फिर बाइक लेकर फरार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** पहले लिफ्ट मांगी और फिर मौका पाकर बाइक लेकर फरार हो गया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पंचायत देवी तिलमहा खजुहा निवासी कुलदीप ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 17 मार्च को वह अपनी भाभी के इलाज के लिए पैसे निकालने सरयू डिग्री कॉलेज के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे लिफ्ट मांगी, जिसे उसने अपनी बाइक पर बैठा लिया। बैंक पहुंचने पर पैसे नहीं निकल पाए। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने बहाना बनाकर उसकी मोटरसाइकिल ले ली और मौके से फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और बाइक की तलाश कराई जा रही है।

## श्रीमद् देवी भागवत व श्री राम कथा का शुभारंभ



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** राजपुर स्थित जय मां गूंगी भवानी मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत पाठ एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ किया गया। इससे पूर्व सेवा समिति के प्रबंधक सुभाष चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में मंदिर परिसर से कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पुलिस सुरक्षा के बीच भौरीगंज सरयू नदी तट तक पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः मंडप स्थल पर वापसी की। मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस से अयोध्या से पधारे कथा प्रवाचक सूरज महाराज द्वारा श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा, जबकि दिन में श्रीमद् देवी भागवत का पाठ होगा।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा



भागवत कथा शुरू होने से पहले मंदिर पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** लौव्वाबीरपुर में शुक्रवार को भसंगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई। ग्राम निवासी एवं संत कबीर नगर में एसडीएम पद पर तैनात हृदयराम तिवारी के पिता सूर्यलाल तिवारी एवं माता शिव देवी आयोजन के मुख्य यजमान हैं। सुबह 11 बजे से कलश यात्रा भागवत पीठ से प्रारंभ होकर हट्ठी माता मंदिर तक पहुंची, जहां मुख्य यजमान ने विधिवत पूजा-अर्चना की एंव श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर गांव के प्रमुख धार्मिक स्थलों की परिक्रमा की। यात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। अयोध्या से पधारे कथा व्यास मनीष चंद्र त्रिपाठी ने श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर एसडीएम हृदयराम तिवारी, दीपक देव तिवारी, अजय तिवारी, विश्वामित्र तिवारी, हरिमंगल, उद्धव, उन्नत, उत्पल, राजदत्त मिश्रा, पप्पू मिश्रा, लवी, लकी, श्याम कृष्ण त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, गिरजेश त्रिपाठी, डा विनोद त्रिपाठी, सुषमा देवी, रेखा, शांति देवी, पूर्णिमा, रानी, स्वीटी, ब्यूटी, खुशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शिक्षा ही समाज के विकास का आधार



शिक्षक को सम्मानित करते ब्लाक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज तहसील अंतर्गत विकास खंड बेलसर के शिक्षा क्षेत्र में 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह 'गुड्डू सिंह' और बीईओ नूतन मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम का आरंभ स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का मार्ग है। राजेश कुमार शुक्ला, उमाशंकर सिंह, रवि प्रकाश सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह और आनंद प्रताप सिंह, सत्य व्रत वर्मा, दीपक उपाध्याय, मनोज कुमार शुक्ला, अनिल मिश्र, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विनय कुमार सिंह और एआरपी कमलेंद्र चौबे, अश्विनी पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

## कौड़िया बाजार में राजन महाराज करेंगे प्रवचन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कौड़िया बाजार स्थित सम्मय माता मंदिर पैड़ीबरा में आयोजित होने वाले श्रीराम कथा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। 3 मई से 11 मई तक चलने वाले आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक राजन जी महाराज श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन समिति के अनुसार कथा स्थल पर विशाल पंडाल, बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश व ध्वनि की बेहतर सुविधा के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

## आईजी की सख्ती के बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** आईजी की सख्ती के बाद कोतवाली पुलिस ने एक माह बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। बटौरा बख्तावर सिंह निवासी श्रीचन्द्र तिवारी ने बताया कि वह 19 फरवरी को ग्राम परसौनी पुरवा में एक शादी में होने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक जनवासे के पास खड़ी कर दी थी। रात करीब 9:30 बजे लौटने पर उनकी बाइक गायब मिली। तलाश के बावजूद जब पता नहीं चला तो पीड़ित ने 21 फरवरी को थाना करनैलगंज में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। गुरुवार को मामले की शिकायत आईजी से की गई। आईजी ने प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने श्रीचन्द्र तिवारी की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय निर्माण के लिए 24.95 करोड़ की धनराशि मंजूर

**गोंडा, अमृत विचार :** मनकापुर तहसील क्षेत्र में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए 24.95 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति 18 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई। विद्यालय निर्माण की मांग गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने मुख्यमंत्री से मिलकर की थी। सीएम के आदेश पर यह स्वीकृति प्रदान की गई है। आदेश के अनुसार परियोजना के तहत ग्राम धरियाट बंजर भूमि गाटा संख्या 1750मि/4.045 हेक्टेयर में विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। कुल स्वीकृत लागत 2495.94 लाख निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य नामित कार्यदायी संस्था के माध्यम से कराया जाएगा। शासन ने निर्देश दिए हैं कि कार्य की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो और निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा किया जाए। इसके अलावा, परियोजना के अंतर्गत खर्च की गई राशि का उपयोग केवल स्वीकृत मदों में ही किया जाएगा तथा लेबर सेस का भुगतान नियमानुसार श्रम विभाग को किया जाएगा।

## खतौनी में कूटरचित तरीके से नाम दर्ज, 4 पर मुकदमा

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के पथार गांव में कूटरचित तरीके से दूसरे की खतौनी में नाम दर्ज कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित देवीदीन के अनुसार गांव में उनकी 1.72 हेक्टेयर जमीन है, जिस पर वह लंबे समय से काबिज हैं। यह जमीन उनके पिता सहगू के नाम दर्ज थी। पिता की मृत्यु के बाद यह जमीन उनके नाम पर वरासत में दर्ज होनी चाहिए थी। देवीदीन के अनुसार, जब उन्होंने जुलाई 2025 में खतौनी की जांच की, तो उसमें विपक्षी विश्कर्मा का नाम दर्ज पाया गया। आरोप है कि विश्कर्मा के पिता का नाम अनंत है, लेकिन उन्होंने कूटरचित तरीके से अपने पिता का नाम बाबू नंदन दर्ज कराया है। इसके बाद, विपक्षी विश्कर्मा ने कथित तौर पर इस जमीन को अपनी बहू सुशीला शर्मा के नाम दानपत्र के माध्यम से लिख दिया। इस दानपत्र में उनके बेटे अशोक कुमार शर्मा और करनीपुर निवासी मुंशीलाल गवाह बने, जिसके परिणामस्वरूप खतौनी सुशीला शर्मा के नाम हो गई। सितंबर 2025 में जब देवीदीन खेत बोने गए, तो सभी आरोपी एकजुट होकर उन्हें गाली-गलौज करने लगे और जानमाल की धमकी दी। देवीदीन ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं, जबकि आरोपी सामान्य जाति के हैं और देवीदीन पासी बिरादरी से संबंध रखते हैं। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट, जालसाजी और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अलविदा जुमा पर अमन-चैन की मांगी गईं दुआएं

## मस्जिदों व ईदगाहों पर नमाज के लिए किये गये थे विशेष इंतजाम, मौलाना सादिक ने अलविदा जुमा की अहमियत बतायी

संवाददाता, बलरामपुर, उतरौला

**अमृत विचार :** मुकद्दस माह रमजान के आखिरी जुमा (अलविदा जुमा) के अवसर पर जिले भर की मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ नमाज अदा की। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद नमाज के लिए पहुंचे और मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे तथा कौम की तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं।



नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

सराय फाटक स्थित जामा मस्जिद में नमाज से पूर्व तकरीर करते हुए मौलाना सादिक ने अलविदा जुमा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का आखिरी जुमा मुसलमानों के लिए खास होता है। इस पवित्र महीने में रोजा, पांच वक्त की नमाज और कुरान पाक की तिलावत करने वालों पर अल्लाह की रहमतें बरसती हैं। वहीं पीरजादे शकीबुर्रहमान उर्फ भय्यू मियां ने कहा कि रमजान का मुकद्दस महीना अब हमसे रुख्सत हो रहा है, जिसका अफसोस तो है, लेकिन खुशी इस बात की है कि अल्लाह अपने बंदों को ईद की खुशियां अता करने वाला है। उन्होंने अपील की कि रमजान के दौरान जिस तरह लोगों ने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की, उसी भावना को पूरे साल जारी रखा जाना चाहिए। उतरौला में भी प्रमुख मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। सभी प्रमुख मस्जिदों में विशेष नमाज का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने इबादत की और दुआएं मांगीं।

## आज मनाया जाएगा ईद का त्योहार, छाया उत्साह

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** ईद-उल-फितर के पर्व को लेकर जिले भर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चों से लेकर बड़ों तक हर वर्ग में खुशी का माहौल है। शनिवार को जनपद की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जाएगी, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मस्जिदों और ईदगाहों की साफ-सफाई के साथ-साथ रंगाई-पुताई का कार्य भी पूरा करा लिया गया है। नमाजियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ईदगाहों के बाहर टेंट और अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि धूप से बचाव हो सके। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

● मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज की तैयारियां पूरी

**ईद की नमाज का समय**

- हाजी इब्राहिम मिस्त्री मस्जिद सुबह 8 :00 बजे।
- रहीम बक्स (बीच वाली ईदगाह), सराय फाटक – सुबह 8 :15 बजे।
- कालिया मस्जिद, बलुहा – सुबह 8 :30 बजे।
- बीबी बादी साहिबा ईदगाह, सराय फाटक – सुबह 9 :00 बजे।
- बड़ी ईदगाह, नौशहरा – सुबह 9 :30 बजे।

प्रभारी शहर मुफ्ती मौलाना नूर अहमद कादरी ने बताया कि ईद खुशियों और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज हर मुसलमान पर वाजिब है और रमजान के रोजों के बाद अल्लाह की ओर से यह एक इनाम के रूप में मिलती है। उन्होंने अपील की कि आर्थिक रूप से सक्षम लोग नमाज से पहले सदका और जकात अदा कर दें, ताकि जरूरतमंद भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

गोंडा रोड स्थित बड़ी ईदगाह के सदर इरशाद आलम ने बताया कि ईदगाह की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिले में हर कोई ईद की तैयारियों में जुटा हुआ है और पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है।

## बलरामपुर चीनी मिल ने 5 दिन का गन्ना मूल्य किया जारी, किसानों के खातों में 2635.85 लाख रुपये भेजे

**बलरामपुर अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड ने पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान जारी कर दिया है। मिल प्रबंधन द्वारा 8 मार्च 2026 से 12 मार्च 2026 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 2635 .85 लाख रुपये का भुगतान 20 मार्च को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया। मिल के अधिशासी अध्यक्ष केके बाजपेई ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल किसानों की समृद्धि और हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी मिल प्रदेश में गन्ना मूल्य भुगतान के मामले में अग्रणी बनी रहेगी। इसके साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे साफ-सुथरा, ताजा और जड़-पत्ती व अगोला रहित गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें। साथ ही, पर्ची की वैधता अवधि के भीतर गन्ना आपूर्ति कर अपने बेसिक कोटे में वृद्धि सुनिश्चित करें। मिल प्रबंधन ने किसानों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## एचआईवी व एसटीआई के प्रति लोगों में बढ़ी जागरूकता



उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वात्सल्य लक्षित हस्तक्षेप परियोजना द्वारा एक कम्यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मकसद लोगों को एचआईवी, एड्स, सिफलिस एवं अन्य यौन संचारित संक्रमणों के बारे में सही जानकारी देना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। दिशा टीम के क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर विजयकांत शुक्ला व डीएमडीओ प्रशांत श्रीवास्तव की निगरानी तथा जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. एके शुक्ला के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। परियोजना प्रबंधक जगदीश चौधरी ने संस्था के कार्यों व उद्देश्यों की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। विशेषज्ञों ने एचआईवी/एड्स व एसटीआई के कारण, लक्षण और बचाव पर जानकारी दी। साथ ही बताया कि एचआईवी छुआछूत की बीमारी नहीं है और जागरूकता से इससे बचाव संभव है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बनाया और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

# बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए किसानों की चिंता बढ़ा दी। घने बादलों के बीच तेज गरज और चमक के साथ हुई हल्की बारिश ने जनजीवन पर असर डाला है। इस समय खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, सरसों और मसूर की फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।



बेमौसम बारिश से भीगी गेहूं की फसल।

अचानक बदले मौसम के कारण कई इलाकों में हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलीं, दोपहर के समय में अचानक आसमान में अंधेरा सा छा गया। बारिश के चलते फसलें झुकने और गिरने लगी हैं। खासकर मसूर सरसों और गेहूं जैसी दलहनी और तिलहनी फसलें प्रभावित हो सकती हैं। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के ठीक पहले हुई यह बारिश उनकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। किसानों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज अस्थिर बना हुआ है। यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो दाने की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर असर पड़ सकता है। किसान प्रशासन और कृषि विभाग से मांग कर रहे हैं कि स्थिति का आकलन कर शीघ्र राहत और मुआवजे की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें होने वाले नुकसान की भरपाई मिल सके।

## बिजली गिरने से युवक की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को तेज गरज-चमक के बीच गिरी आकाशीय बिजली ने एक युवक की जान ले ली। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम धुसाह निवासी तीरथ वर्मा (30) पुत्र संतराम, अचानक मौसम खराब होने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। तेज गर्जना और चमक के बीच गिरी बिजली से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने की बात कही जा रही है।

## दो पक्षों में मारपीट तीन पर मुकदमा

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रामपुर टेंगरहा में पेड़ काटने वाली मशीन ठीक कराने के मामले में एक व्यक्ति पीट दिया गया। पंडित पुरवा निवासी मनोज पाण्डेय ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके पास पेड़ काटने की मशीन है, जिसे रमेश यादव ने खराब कर दिया था। मनोज के अनुसार, जब उन्होंने रमेश से मशीन ठीक कराने को कहा, तो रमेश, प्रदीप व रामसमुझ ने उससे गाली-गलौज करते हुए हाथ-लात और लाठी से पीट दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक केके त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था तत्काल करें दुरुस्त : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने भारत गैस के राप्ती गैस गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस सिलेंडर की बुकिंग और वितरण की स्थिति का जायजा लिया।

गैस वितरण स्थल पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखकर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एजेंसी संचालकों और जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त किया जाए, ताकि आमजन को असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने टोकन सिस्टम लागू करने तथा उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित समय (टाइम स्लॉट) तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि एजेंसी द्वारा की जा रही बुकिंग के अनुरूप अतिरिक्त एलपीजी सिलेंडरों का आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे समय पर आपूर्ति बनी रहे।

डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए जिलाधिकारी ने गैस वितरण केंद्र पर क्यूआर कोड लगाने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और गैस वितरण व्यवस्था में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीएसओ कुमार निर्मलेंदु एवं पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## दावों-आपत्तियों का करें निष्पक्ष निस्तारण : आयुक्त



प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते मंडल आयुक्त और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोंडा एवं रोल प्रेक्षक शशि भूषण लाल सुशील द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन नामावलियों से संबंधित प्राप्त दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी दावों एवं आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाए। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य को आगे बढ़ाने पर बल दिया गया।बैठक में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रूपईडीह में बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**गोंडा, अमृत विचार :** करीब एक दशक पहले सपा सरकार के दौरान रूपईडीह में स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नगर पंचायत खरगूपुर में स्थापित कर दिया गया था। इसके बाद से रूपईडीह क्षेत्र की 55 ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो गई थीं। अब एक वर्ष पूर्व भेजे गए प्रस्ताव पर विधायक की पैरवी के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रूपईडीह में नए सीएचसी निर्माण को स्वीकृति दे दी है। बताया जाता है कि पहले सीएचसी खरगूपुर शिफ्ट होने के बाद रूपईडीह पीएचसी से संबंधित सभी संसाधन वहां स्थानांतरित कर दिए गए थे, जिससे टीकाकरण, आपरेशन और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई थीं। यदि उस समय रूपईडीह में ही सीएचसी बनता तो गोंडा-बहराइच मार्ग के आसपास के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलता। नए सीएचसी निर्माण के लिए ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल में प्रधान अन्नू देवी द्वारा जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार कराया गया। 18 मार्च 2025 को सीएमओ ने प्रस्ताव निदेशालय को भेजा। इसके बाद 26 सितंबर को विधायक बावन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निर्माण की मांग की। शासन स्तर पर लगातार पैरवी के बाद अंतत: स्वीकृति मिल गई। विधायक बावन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के सहयोग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस सीएचसी के निर्माण से रूपईडीह ब्लॉक की 55 ग्राम पंचायतों जैसे छितौनी, मंगल नगर, बनगाई, कौड़िया बाजार, बेलवा बाजार, पिपरा बाजार, तेलियानी पाठक, टेड़वा गुलाम, दुल्हापुर, कुरासी, कुसरहा सहित अन्य गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। नए सीएचसी के बनने से गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 173 जोड़े



वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद देते मुख्य अतिथि व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** एमडीएस मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 173 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। हिंदू रीति-रिवाज से 130 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, इसके बाद मुस्लिम परंपरा के अनुसार 43 जोड़ों का निकाह कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीपुर के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गैसड़ी के ब्लॉक प्रमुख शक्ति सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा, गैसड़ी एवं तुलसीपुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया, जिसमें सामाजिक समरसता और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली। विवाह एवं निकाह की रस्में कराई गईं। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं ब्लॉक प्रमुख शक्ति सिंह ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। बताया गया कि 23 मार्च को तहसील उतरौला स्थित शालीमार मैरिज लॉन में तथा 27 मार्च को माया होटल, बलरामपुर में भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# देवीपाटन धाम में उमड़े दर्शनार्थी

**चैत्र नवरात्र**

**बलरामपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को जनपद भर में भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।



देवीपाटन धाम तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

जनपद के प्रमुख शक्तिपीठ देवीपाटन धाम तुलसीपुर में भोर से ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां पाटेश्वरी के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। इसके अलावा मां बिजलेश्वरी मंदिर, समय माता मंदिर और रहिया देवी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने नारियल, चुनरी, फल-फूल और प्रसाद अर्पित कर विधिवत पूजा की। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी तप, त्याग और साधना की प्रतीक हैं, जिनकी उपासना से आत्मबल, धैर्य और संघर्ष की शक्ति प्राप्त होती है। मंदिरों में महिलाओं और युवतियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली, वहीं भजन-कीर्तन और दुर्गा स्तुति से वातावरण और अधिक आध्यात्मिक बना रहा। नवरात्रि के चलते बाजारों में भी खास रौनक रही, जहां पूजन सामग्री, चुनरी और फूल-मालाओं की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ साफ-सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पूरे जनपद में नवरात्रि का पर्व पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

## 9 लाख की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पैसा दोगुना करने का झांसा देकर लाखों रुपये और सोना हड़पने वाले एक शातिर को कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कांशीराम आवास अचलापुर निवासी किशोरी लाल ने अपने साथियों राकेश और भुर्रे के साथ मिलकर दुर्गेश सोनी को पैसा दोगुना करने का लालच दिया। आरोपियों ने उससे करीब 9 लाख रुपये और सोना हासिल कर लिया। इसके बाद न तो रकम दोगुनी की गई और न ही पूरा धन व आभूषण वापस किया गया, जिससे पीड़ित के साथ धोखाधड़ी की गई। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। 20 मार्च को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर श्रावस्ती रोड स्थित हरिहरगंज बाजार के आगे निर्माणाधीन रिंग रोड फ्लाईओवर के पास से आरोपी को दबोच लिया। आरोपी ने साथियों के साथ ठगी को अंजाम देने की बात स्वीकारी। उसके हिस्से में आए लगभग 50 हजार रुपये में से 25 हजार उसने अपनी पुत्री के खाते में जमा किए थे, जबकि 2230 रुपये उसके पास से बरामद हुए। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत उघड़पुर भटपुरा, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक–20.03.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उघड़पुर भटपुरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–21.03.2026 से 27.03.2026 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत उघड़पुर भटपुरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–27.03.2026 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उघड़पुर भटपुरा में मुन्नीलाल प्रजापति के घर से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 10,28,099 रुपये | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– उघड़पुर भटपुरा, वि0खं0–मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– उघड़पुर भटपुरा, वि0खं0–मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर


## बकाया भुगतान मांगने पर युवक को मिली जान से मारने की धमकी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गन्ने के बकाये को लेकर विवाद में एक युवक को सरेराह रोककर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। अल्लीपुर गोकुला निवासी रामू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि राज किशोर पर उसकी गन्ने की पर्ची के करीब दो लाख रुपये बकाया हैं। इसको लेकर उसने 16 मार्च को थाने में तहरीर दी थी। आरोप है कि 18 मार्च की शाम करीब सात बजे मजदूरी कर घर लौटते समय राज किशोर के बेटों भोलू, विवेक व आशीष ने उसे रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि तीनों ने बकाया पैसा मांगने पर मारपीट की धमकी दी।


**सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

प्रकीर्ण वाद संख्या..73..सन् 2026

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बलरामपुर ..वादी

.माया देवी प्रति रामजी त्रिगुनायत आदि .. प्रतिवादी

बनाम

शाखा प्रबन्धक भारतीय जीवन बीमा निगम (सुपर बाजार नगर पालिका) सुल्तानपुर जनपद – सुल्तानपुर (उ0प्र0)

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बाबत. (उत्तराधिकार) के दायर की है लिहाज आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 17 माह 04 सन् 2026 ई0 वक्त..11.00 बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात के करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतअल्लिक मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जबाव ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जबाब देही दावा को करे और आपको लाजिम हो कि उस रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप वताईद अपनी जबाव देही के इस्त दलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। ..........

बशब्द मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख.... माह..सन्...ई0 को जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय

**नवयुग स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
रतनपुर बारी सहिजन, सुलतानपुर (उ0प्र0)

मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत आवश्कता है

स्नातक स्तर पर बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता– 06 पद
स्नातक स्तर पर बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – 06 पद
स्नातक स्तर पर बी0लिब0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – 06 पद
एवं परास्नातक एम0कॉम0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – 06 पद

**योग्यता व वेतनमान –** एआईसीटीई, यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार । इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

भवदीय– **प्रबंधक**
मो0– 9919332588

**एन0बी0एस0 लॉ कॉलेज**
भादा (निकट प्रतापगंज बाजार), सुलतानपुर (उ0प्र0)–227816

**में स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत आवश्कता है**

**स्नातक स्तर पर विधि संकाय (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) एल0एल0बी हेतु प्राचार्य विधि– 01 पद, प्रवक्ता विधि– 10 पद।**

**योग्यता व वेतनमान –** बीसीआई, यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार । इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

**प्रबंधक– 7880821965**

समस्त जनपद वासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



मुहम्मद अल्ताफ़ खान
उतरौला बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



एजाज मलिक
जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी
विधानसभा प्रभारी उतरौला, बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



नसीरुद्दीन खान नसीर
समाज सेवी
उतरौला बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



मंजूर कुरैशी
पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी
नगर पालिका परिषद उतरौला, उतरौला

समस्त जनपद वासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



राशिद महमूद (लवी)
उतरौला बलरामपुर

# आंधी-बारिश से दिन में छाया अंधेरा, पारा लुढ़का

## मौसम में आया बदलाव: बेमौसम बारिश से गेहूं व दलहन की फसलों को भारी नुकसान की आशंका

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को प्रकृति का रौद्र रूप देखने को मिला। सुबह करीब 10 बजे अचानक मौसम ने पलटा खाया और धूल भरी आंधी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते आसमान में काले बादलों का डेरा जमा हो गया और दिन में ही रात जैसा मंजर नजर आने लगा।

बदले बेमौसम बारिश से जहां तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, वहीं खेतों में तैयार खड़ी फसलों पर बर्बादी के बादल मंडराने लगे हैं तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पयागपुर के ग्रामीण अंचलों से मिली जानकारी के अनुसार, तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसलो के नुकसान का अनुमान है वहीं, दलहन की फसलों (मटर, चना, मसूर) को भी भारी क्षति पहुंचने की आशंका है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो पैदावार पर बड़ा असर पड़ेगा तेज बारिश के कारण नगर के निचले इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था फेल नजर आई। गलियों और सड़कों पर पानी भर जाने से आवागमन में काफी कठिनाई हुई


जमुनहा बाजार में बेमौसम बरसात से पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**फसलों में जहर घोल गई चैत्र माह की बरसात, श्रावस्ती:** जिले में शुक्रवार सुबह अचानक चली तेज हवाओं के बीच गरज चमक के साथ झमाझम बरसात हुई। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से जहां एक किसान की मौत हो गई। वहीं चैत माह के दूसरे पखवाड़े में हुई बेमौसम बरसात ने फसलों में जहर घोल दिया। खेतों में लगी गेहूं, अलसी, मसूर, सरसों, अरहर व तेरिया की फसल पक कर तैयार है। तमाम किसानों ने जहां सरसों, मसूर, अलसी, तेरिया की फसल काट लिया है। वही तमाम किसान काटने व कुछ किसान मड़ाई करने की तैयारी कर रहे है। ऐसे में शुक्रवार को हुई बेमौसम बरसात ने जहां किसानों की तैयारियों पर ब्रेक लगा दिया। वहीं जिन किसानों ने अपनी फसल काट लिया उनके मड़ाई का काम अधर में लटक गया। यदि मौसम सामान्य न हुआ तो काटकर मड़ाई के लिए रखी गई फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। अचानक हुई बरसात से जहां मौसम का मिजाज अचानक ठंडा पड़ गया। वही इस बरसात ने फसलों में मानो जहर घोल दिया है। ऐसे में अपनी उपज को लेकर किसान परेशान है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम सामान्य न हुआ तो उनकी गाढ़ी कमाई चौपट होगी।

### बिजली गिरने से किसान की मौत, कोहराम


मुनऊं की फाइल फोटो।

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के हरदी थाना क्षेत्र में स्थित बंभौरी ग्राम के मजरा बदनपुरवा के रहने वाले किसान मुनऊं पुत्र जलील उम्र 32 वर्ष आज सुबह करीब 11 बजे बारिश के बीच घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में सरसों की फसल देखने जा रहे थे। तभी अचानक बिजली की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का एक तीन साल व एक चार माह के दो बेटे हैं। परिवार के लोग ईद के पर्व को मनाने की तैयारी कर रहे थे दर्दनाक हादसे में बाद परिजनों में मातम छाया हुआ है। घटना की जानकारी स्थानीय तहसील प्रशासन को दी गई है।

### बिजली की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**सिरसिया( श्रावस्ती), अमृत विचाक।** बभनी कुकुरभुकवा में शुक्रवार खेत गया एक वृद्ध आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गया। परिजनों की ओर से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी कुकुरभुकवा निवासी अनरुद्ध (55) पुत्र स्वामी दयाल ग्राम पंचायत में बने गौशाला में केयर टेकर था। शुक्रवार दोपहर में वह घर से किसी काम से खेत गया था। इस दौरान अचानक गरज चमक के साथ बरसात शुरू हो गई। तभी अचानक तेज गरज के साथ बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से अनरुद्ध गम्भीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजनों व ग्रामीणों की ओर से गंभीर हालत में अनरुद्ध को जिला अस्पताल भिनगा के इमरजेंसी वार्ड ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने इसकी लिखित सूचना प्रभारी निरीक्षक भिनगा को दिया। सूचना पर पहुंची भिनगा पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षामित्र की पुत्री जयश्री मिश्रा ने उत्तीर्ण की गेट परीक्षा


जयश्री मिश्रा।

**श्रावस्ती:** भिनगा के ग्राम उदईपुर निवासी अधिवक्ता ओम नारायण मिश्र व शिक्षामित्र दीपिका मिश्रा की पुत्री जयश्री मिश्रा ने गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में आईआईटी गुवाहाटी की ओर से आयोजित ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2026 की परीक्षा में जयश्री को 532 गेट स्कोर प्राप्त हुआ है। इस परीक्षा में जयश्री मिश्रा ने आल इंडिया रैंक 369 हासिल किया है। वर्तमान समय में वह बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन कर रही है। वह अंग्रेजी आनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता पिता सहित गुरुजनों को दे रही है। उनकी सफलता पर माता पिता सहित परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बहराइच:** किसान पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर ग्राम सिसई हैदर में शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने सिसई हैदर, चयनपुरवा और सिलौटा गांवों में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज पांडेय ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन विद्यार्थियों की टोलियां बनाई गईं, प्रत्येक टोली का एक नायक है। शिविर में अन्य इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीडी सिंह विसेन और डॉ. श्रेयात की सक्रिय भूमिका रही। प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह और प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना ने वर्चुअल माध्यम से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### फूड प्रोसेसिंग का दिया जायेगा प्रशिक्षण

**बहराइच:** जिला कौशल प्रबन्धक रवि पाठक ने बताया कि जिले में फूड प्रोसेसिंग हेतु 04 माह तथा गौतमबुद्धनगर में हेल्थ केयर सेक्टर अन्तर्गत नर्सिंग हेतु 06 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। जिला कौशल प्रबन्धक श्री पाठक ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतया नि:शुल्क है। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षार्थियों के आवास, भोजन, ड्रेस, स्टडी मटेरियल एवं भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था के साथ उन्हें प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्त विभिन्न कम्पनियों में सेवायोजित कराये की व्यवस्था भी करायी जायेगी। प्रशिक्षण हेतु 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग अन्तर्गत हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी 28 मार्च तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में सम्पर्क कर सकते हैं।

## सांसद करण भूषण का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत


सांसद करण भूषण सिंह का स्वागत करते विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य नेता।

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र पयागपुर का सघन दौरा किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे सांसद का विशेश्वरगंज स्थित कृष्णा पेट्रोल पंप पर कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया।

फूल-मालाओं से लदे सांसद ने कार्यकर्ताओं के जोश को देख कहा कि क्षेत्र की जनता का यह अपार प्रेम ही उनकी असली पूंजी है। विशेश्वरगंज में आयोजित भव्य स्वागत समारोह का नेतृत्व क्षेत्रीय विधा य क सुभाष त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी और भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी ने किया। सांसद के अभिन्न सहयोगी जीत बहादुर सिंह गांगुदेवर, प्रभारी कमलेश सिंह और अशोक शुक्ला की अगुवाई में उमड़े सैकड़ों युवाओं ने ढोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के साथ सांसद का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुनील सिंह, सच्चिदानंद पाठक, राजकुमार शुक्ला, किसान नेता आनंद पांडेय, प्रखर सिंह, आकाश, बबलू रावत, सौरभ शुक्ला सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सांसद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## 10 दिव्यांगों को मिली मोटराईजड ट्राई साइकिल


दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल प्रदान करते सांसद डॉ. आनंद गोंड। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शासन के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में चल रहे 09 दिवसीय समारोह के अन्तर्गत विकास भवन में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को 10 मोटराईजड ट्राई साइकिल का वितरण किया।

मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, आंख, कान अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए मनीष कुमार तथा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में 4 गोवध के आरोपी गिरफ्तार

जमुनहा(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में हुए गोवध के मामले में शुक्रवार को पुलिस की आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में चोट लगने से एक बदमाश घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि घायल आरोपी को अस्पताल ले जाया गया है।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र में चार फरवरी को गोवध हुआ था। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों को तलाश रही थी। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग मकुनी तिराहे से कुछ दूर बगीचे मे गोवध करने जा रहे है। सूचना पर पुलिस टीम के साथ प्रभारी निरक्षक ने घेराबंदी की। इस दौरान आरोपियों ने धमकी देते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। घटना में प्रभारी निरीक्षक बाल बाल बचे। इस दौराने घेराबंदी के दौरान भगवानपुर निवासी सईद पुत्र अजीज गिरने से घायल हो गया। जिसे सीएचसी मल्हीपुर भेजा गया। उसके कब्जे से एक देशी तंमचा 315 बोर, कारतूस बरामद हुआ। वहीं पुलिस ने भगवानपुर भैंसाही निवासी नफीस पुत्र अजीज, भाग्गड़वा निवासी इस्लाम पुत्र सद्दीक व हरदत्तनगर गिरण्ट थाना क्षेत्र के महज़िदिया निवासी वसीम पुत्र अली हुसैन को भी गिरफ्तार कर लिया। वही महज़िदिया निवासी बब्लू पुत्र वाहिद व भगवानपुर निवासी सुफियान पुत्र अजीज अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक लकड़ी का ठीहा, दो प्लास्टिक की बोरी, रस्सी, एक कुल्हाड़ी, एक चाकू, एक बछिया बरामद किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई है।


अस्पताल में भर्ती गिरफ्तार सईद।


पुलिस की गिरफ्त में गोवध के आरोपी।

- **एक अपराधी के पैर में लगी चोट ले जाया गया अस्पताल**

वहीं मामले के बारे में एसपी राहुल भाटी का कहना है कि गिरफ्तार वसीम पुत्र अली हुसैन पर बहराइच बस श्रावस्ती के विभिन्न थानों में कुल 23 केस दर्ज है। इस्लाम पुत्र सद्दीक पर सात, नफीस पुत्र अजीज पर दलित किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट व सईद पुत्र अजीज पर पांच आपराधिक मामले विभिन्न थानों में पहले से दर्ज हैं।

### पीजी कॉलेज प्रबन्ध समिति की बैठक संपन्न


बैठक में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मौजूद अन्य।

**बहराइच।** महिला महाविद्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने प्राचार्य व शिक्षण स्टाफ से अपेक्षा की है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को क्वालिटी बेस्ड शिक्षा प्रदान करें तथा उन्हें अन्य सामाजिक, कल्चरल व स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी बढ़ावा दें। बैठक के दौरान प्रस्तावित एजेण्डा पर विचार-विमर्श करते हुए डीएम ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्यामकरन टेकड़ीवाल, प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रिया मुखर्जी, अशोक कुमार मातनहेलिया, संतोष कुमार अग्रवाल, रवि कोठारी, अजय कुमार अग्रवाल व रविकान्त कश्यप सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

### प्रार्थना के बाद होती हैं देश-दुनिया के हाल पर बातें

**पयागपुर बहराइच (अमृतविचार):** संबिलयन विद्यालय बीरपुर के बच्चे इन दिनों कुछ अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। यहाँ किताबों के साथ-साथ अब अखबार के पन्नों की गूँज भी सुनाई देती है। विद्यालय प्रशासन की एक खास पहल के तहत रोजाना प्रार्थना सभा में बच्चे समाचार वाचन कर रहे हैं। इस गतिविधि से न केवल बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ रहा है, बल्कि उनके भीतर का झिझक भी दूर हो रही है। हर सुबह जब प्रार्थना सभा समाप्त होती है, तो एक छात्र 'न्यूज रीडर' की भूमिका में मंच पर आता है। हाथ में अखबार लिए जब बच्चे देश, दुनिया और खेल जगत की सुर्खियां पढ़ते हैं, तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठता है। शिक्षकों का मानना है कि इस अभ्यास से बच्चों के शब्द चयन और उच्चारण में काफी सुधार आया है अखबार पढ़ने से बच्चों को नए-नए शब्दों की जानकारी मिल रही है। वे अब देश की राजनीति, नई तकनीक और सरकारी योजनाओं के बारे में भी चर्चा करने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में इस तरह का आत्मविश्वास देखकर अभिभावक भी गदगद हैं शिक्षक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि आज के दौर में सूचना ही शक्ति है। हमारा प्रयास है कि गाँव का बच्चा किसी भी मामले में शहर के कॉन्वेंट स्कूलों से पीछे न रहे। समाचार वाचन से उनकी 'पब्लिक स्पीकिंग' स्किल बेहतर हो रही है।"

### 9 वर्ष कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में नौ दिवसीय प्रदर्शनी व मेले का आयोजन हो रहा है। आयोजन के तीसरे दिन शुक्रवार को डीएम अश्विनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता में विविध कार्यक्रम हुए। इस दौरान नौ वर्ष कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी व एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के पांच लाभार्थियों, स्पॉन्सरशिप योजना के आठ लाभार्थियों व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 11 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया। वहीं दो दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाईकिल व बैसाखी मुहैया कराई गई। समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तीन लाभार्थियों को डेमो चेक दिया गया। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत तीन लाभार्थियों को मोतियाबिन्द सफल सर्जरी प्रमाण पत्र व राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 28 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। स्थानीय कलाकार की ओर से लोकगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर एसडीएम प्रवीण यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा अमरनाथ यति, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### एक्सपोजर विजिट को रवाना हुए 180 छात्र

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले के विभिन्न विद्यालयों के 180 दिव्यांग छात्र विशेष एक्सपोजर विजिट के लिए भिनगा से शुक्रवार तीन बसों से रवाना हुए। यह बच्चे श्रावस्ती व बलरामपुर जिले के शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों, विज्ञान केंद्रों व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। जिन्हें श्रावस्ती विधायक व बीएसए ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। इनमें दिव्यांग बच्चों के मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से उनका दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाना, एलिम्को कानपुर के सहयोग से सहायक उपकरण का वितरण, दिव्यांग बच्चों को एसकार्ट तथा स्टाईपेण्ड एलाउन्स प्रदान करना शामिल है। साथ ही दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक अनुभव दिलाने के लिए एक्सपोजर विजिट कराने की व्यवस्था भी है। इसी के क्रम में शुक्रवार को 180 दिव्यांग बच्चों को तीन बसों से विशेष एक्सपोजर विजिट पर भेजा गया। इसमें बच्चों को श्रावस्ती तथा बलरामपुर के शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों, विज्ञान केंद्रों व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। ताकि यह बच्चे साबित कर सके कि उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर दिव्यांग बच्चे भी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। बीएसए अजय कुमार ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी झिझक दूर करना तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस दौरान विशेषज्ञ व शिक्षक बच्चों को सरल भाषा में नई जानकारियां प्रदान करेंगे। जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में तीन एक्सपोजर विजिट का आयोजन कराया जा रहा है। इसमे सिरसिया व हरिहरपुर रानी के 65, गिलौला व इकौना के 65 तथा जमुनहा के 50 दिव्यांग बच्चे शामिल है। इस मौके पर प्रतिभा सिंह, नीता सिंह, कृष्णमणि पाण्डेय, विनोद कुमार, सत्यप्रकाश, प्रदीप कुमार, उमाशंकर चौधरी, बलवन्त, आशुतोष पांडेय, बिन्नू तिवारी आदि मौजूद रहें।

## करीब 60 लाख जीएसटी चोरी का आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

लेंगड़ी गूलर(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** गिलौला पुलिस ने कुटरचित दस्तावेज व अस्तित्वहीन फर्म बनाकर 5972893 रुपये जीएसटी कर चोरी करने वाले आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष गिलौला आशीष कुमार थाना जसदिल सिंह पुत्र जगदेव सिंह निवासी चेतसिंह नगर अपोजिट एटीआई कालेज थाना डिविजन नंबर 6 लुधियाना पंजाब एक लैपटाप, दो मोबाइल एंड्रायड व लैपटाप चार्जर के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसके विरुद्ध सहायक उपयुक्त राज्य कर प्रदीप कुमार सहायक ने केस दर्ज कराया था। इसने फर्म श्री राम इन्टर प्राइजेज के स्वामी राजा बाबू पुत्र निर्मल कुमार निवासी पृथ्वीरामपुर इटावा द्वारा बडे पैमाने पर बिना खरीद के प्रपत्रो में विक्री घोषित करते हुये जीएसटी रिटर्न दाखिल कर राजस्व की हानि पहुँचाया है। इसने अपने मोबाइल व लैपटॉप का प्रयोग कर सम्बन्धित फर्म का रिटर्न फाइलिंग का काम किया व अस्तित्वहीन फर्म श्री राम इन्टर प्राइजेज के जीएसटी नंबर के लागिन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर अक्टूबर 2025 के जीएसटीआर-1 व जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल किया। इसने बिना खरीद के 33182740 रुपये की फर्जी बिक्री विभिन्न फर्मों के नाम दर्शाई थी। इस बिक्री पर करीब 5972893 रुपये कर देय था, किन्तु इसने कर जमा नहीं किया। आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार कर गिलौला लाया गया, जहां से इसे जेल भेजा गया है।

**कार्रवाई**


पुलिस की गिरफ्त में जसदिल सिंह।

### जीएसटी कर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भिनगा कोतवाली पुलिस ने कुटरचित दस्तावेजों के सहारे जीएसटी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने जालसाजी कर अस्तित्वहीन फर्म के सहारे छह करोड़ 22 लाख छह करार 333 रुपये जीएसटी कर चोरी किया था। प्रभारी निरीक्षक भिनगा राज प्रकाश सिंह ने बताया कि सहायक आयुक्त राज्य कर प्रदीप कुमार ने एक अगस्त 2025 को सूचना दिया था कि मनीष कुमार झा द्वारा बडे पैमाने पर बिना खरीद के प्रपत्रो में विक्री घोषित करते हुये जीएसटी रिटर्न दाखिल कर राजस्व की हानि पहुंचाया गया है। इस पर मामला दर्ज कर विवेचना की गई। इस दौरान बिहार के जिला मधुबनी के थाना पंडौल के ग्राम सरिसवपाही व मूल रूप से प. बंगाल के 24 परगना के थाना पंचसायर के 1414/1 नया बाग मिनी बस स्टैण्ड मुकुन्दपुर कोलकाता निवासी बिकी झा पुत्र बिजय कुमार झा का नाम प्रकाश में आया। इसने मोबाइल व लैपटॉप का प्रयोग कर मनीष कुमार झां के नाम से संचालित बुधियार इण्टरप्राइजेज व अन्य फर्मो का रिटर्न फाइलिंग का काम किया। साथ ही फर्म बुधियार इंटरप्राइजेज के जीएसटी नंबर के लागिन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर अप्रैल, मई व जून 2025 के जीएसटीआर-1 व जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल किया। यही नहीं बिना खरीद के करीब 284513385 रुपये की फर्जी बिक्री विभिन्न फर्मों के नाम दर्शाया। जांच में मिला कि उक्त बिक्री पर कोई कर जमा नहीं किया गया।

## बीमारी से तंग आकर युवक ने रेता अपना गला, मौत

लेंगड़ी गूलर(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** बीमारी से परेशान एक युवक ने चाकू से अपना गला रेत लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने बहराइच अस्पताल पहुंचाया। लेकिन लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि रास्ते में मौत हो गई।

गिलौला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लेंगड़ीगूलर के मजरा नगरौरा निवासी घुमंतू जाति लवकुश (20) ने गुरुवार संदिग्ध हालात में अपना गला रेत लिया। गम्भीर हालात में लवकुश को परिजनों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच पहुंचाया। जहां उनकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर ले जाते समय फखरपुर के पास लवकुश की मौत हो गई। फखरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की भाभी कुंठा ने बताया कि वह घुमंतु जाती के नट हैं। उनका देवर लवकुश काफी दिनों से बीमार चल रहा था। इससे तंग आकर उसने चाकू से खुद का गला रेत लिया। लहूलुहान हालत में उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां से लखनऊ ले जाते समय फखरपुर के पास उसकी मौत हो गई। उसे हम लोग सीएचसी फखरपुर लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की। चिकित्सकों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया।

**सुविधा** 1130 मीटर लंबे केबल-स्टेड पुल से बदलेगी तस्वीर

## घाघरा नदी पर बनने वाला पुल साबित होगा मील का पत्थर

विनोद शुक्ला, जरवलरोड, (बहराइच)

**अमृत विचार।** बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग के उन्नयन के साथ घाघराघाट पर घाघरा नदी के ऊपर बनने वाला 1130 मीटर लंबा बैलेंसिंग सिग्नेचर ब्रिज केबल-स्टेड से पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। लगभग 101.5 किलोमीटर लंबे इस हाईवे को आधुनिक मानकों के अनुरूप 4-लेन बनाया जाएगा, जिस पर करीब 6969 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

एनएचआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य के अनुसार, निर्माण कार्य अक्टूबर 2026 से शुरू होकर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह पुल अत्याधुनिक केबल-स्टेड (बैलेंसिंग सिग्नेचर ब्रिज) तकनीक पर आधारित होगा, जिसमें सड़क को ऊंचे टावरों से जुड़े मजबूत स्टील के केबल सहारा देंगे। जिससे नदी के बीच कम पिलर देने पड़ेंगे, इससे घाघरा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित नहीं होगा।

### लोगों की कम समय में पूरी होगी यात्रा

अभी बाराबंकी से बहराइच का समय लगभग ढाई घंटे लगते हैं लेकिन बाद में यह यात्रा लगभग सवा घंटे की ही रह जायेगी। इसके बनने के बाद यहां से गुरजने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

### घाघराघाट बनेगा दर्शनीय स्थल

परियोजना पूरी होने के बाद यहां एक अनोखा दृश्य देखने को मिलेगा। वहीं नीचे बहती घाघरा नदी की शांत धारा, ऊपर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन पास स्थित ऐतिहासिक एल्गिन ब्रिज से गुजरती रेलगाड़ियां, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा मिलेगा।


बनने वाले पुल की सांकेतिक फोटो ।

## नई कॉपी-पेंसिल पाकर खिल उठे नौनिहालों के चेहरे

**बहराइच।** फखरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुरा के मजरा मोहम्मदपुर कला स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को बच्चों को नई कापी व पेंसिल वितरित की गई। नई कापी पेंसिल तथा अन्य सामग्री पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय की प्रधानाचार्य मधुलिका ने बताया कि बच्चों को यह सामग्री उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान राम शंकर, वान्या फाउंडेशन की चीफ फंक्शनरी डॉ. रेणुका चौधरी, संस्थापक रचना चौधरी, ग्रामीण मीना, रामदीन, प्रमोद, छविलाल, शांती तथा अनीता आदि रहीं।

